RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

दैनिक सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, सोमवार ●01 अप्रैल, 2024 वर्षः-11 अंक - 333 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## संक्षिप्त समाचार

### ममता के पूर्व सांसद पर ईडी का बड़ा ऐक्शन

● विमान-फ्लैट समेत तीन राज्यों में करोड़ों की संपत्ति जब्त

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले ईडी का एक्शन जारी है। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद केडी सिंह की चिटफंड कंपनी अल्केमिस्ट ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई की है। ईडी ने कहा कि शनिवार को पूर्व टीएमसी सांसद केडी सिंह की अध्यक्षता वाले अल्केमिस्ट ग्रुप के 29 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के बीचक्राफ्ट विमान, फ्लैट और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में संपत्तियों




को मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत कुर्क किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह जांच सीबीआई, यूपी पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई प्राथमिकियों से संबंधित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि समूह ने अपनी कंपनियों जैसे अल्केमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और अल्केमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड में आम जनता से 1,800 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि झूठ बोलकर एकत्रित की। ग्रुप ने उच्च रिटर्न प्रदान करने और अपने निवेश पर उच्च ब्याज दर के अलावा फ्लैट, विला, प्लॉट देने का वादा भी किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि संपत्तियों को पीएमएलए के तहत कुर्क किया गया है।

# मिशन लोकसभा से पहले दिल्ली में जुटे विपक्षी नेता

## केजरीवाल के बहाने मोदी सरकार पर जमकर बोला हमला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की लोकतंत्र बचाओ महारैली आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन की ये पहली बड़ी रैली है। इसमें सोनिया, प्रियंका, राहुल, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, सीताराम येचुरी, महबूबा मुफ्ती, फारुक अब्दुल्ला के अलावा अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना पहुंची। रैली को सबसे पहले उद्धव ठाकरे ने संबोधित किया। उद्धव ने कहा- कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल हमारी बहन हैं। जब इस तानाशाही सरकार के खिलाफ हमारी बहनें लड़ रही हैं तो हमारे जैसे भाई कैसे पीछे रह सकते हैं। भाजपा को मैं चुनौती देता हूं कि आप अपने बैनर पर लगा दो कि भाजपा के साथ जो पार्टी है वो ईडी, सीबीआई और आईटी है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रैली को संबोधित करते हुए कहा- मोदी जी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया, क्या उन्होंने ठीक किया। आपके केजरीवाल को ज्यादा दिन तक ये जेल में नहीं रख पाएंगे। आपके केजरीवाल शेर हैं। करोड़ों लोगों के मन में बसते हैं। सुनीता केजरीवाल ने अरविंद का जेल से भेजा गया मैसेज भी पढ़ा। उन्होंने केजरीवाल की 6 गारंटियां पढ़ीं। पहला- पूरे देश में 24 घंटे बिजली। दूसरा- गरीबों की बिजली फ्री। तीसरी- हर गांव- मोहल्ले में शानदार सरकारी स्कूल। चौथा- हर गांव और मोहल्ले में क्लीनिक, जिले में मल्टी स्पेशियलटी अस्पताल।





● राहुल बोले-चुनाव से पहले मैच फिक्सिंग कर रहे पीएम मोदी

● केजरीवाल की पत्नी ने पढ़ा अरविंद का संदेश, उन्हें बताया शेर

### भगवंत मान ने कहा- देश को झीलों-नदियों में मत बांटिए

मान ने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। इनको (मोदी सरकार) लगता है कि डंडे से चला लेंगे। ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है, ये देश 140 करोड़ लोगों का है। ये आजादी हमें शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, मदन लाल ढींगरा, करतार सिंह सराभा, चंद्रशेखर आजाद जैसे हजारों नेताओं ने दिलाई है। ये क्या समझते हैं कि इसको भी अंदर कर दो, उसको भी अंदर कर दो। किसी के खाते फ्रीज कर दो, किसी पार्टी के नेता जेल में डाल दो। हम शाख के पत्ते नहीं हैं जो शाख से टूट के गिर जाएंगे। आंधियों से कह दो कि अपनी औकात में रहें। अरविंद केजरीवाल को अंदर कर दो, हेमंत सोरेन को अंदर कर दो। इसके घर ईडी भेज दो, उसका घर तुड़वा दो। ये गलतफहमी हैं। हुकूमत वो करते हैं, जिनका दिलों पर राज होता है यूं कहने को तो मुर्गे के सिर पर भी ताज होता है। आज सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन भी यहां मौजूद हैं। मैं इन्हें नमन करता हूं कि इन्होंने क्या-क्या दुख नहीं झेले। तालियां किसी को ऐसे ही नहीं मिलतीं, दिहाड़ी देकर मोदी-मोदी करवाना बहुत आसान है। जो बात दिल से बोलता है, वो असर करती है। ये देश के टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं। ये देश को नफरत की आंधी में ढकेल रहे हैं।

# कांग्रेस ने कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को दिया: मोदी






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने भारत के रामेश्वरम के पास मौजूद कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था। हर भारतीय इससे नाराज है और यह तय हो गया है कि कांग्रेस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। पीएम ने कच्चाथीवू पर एक आरटीआई रिपोर्ट का हवाला देकर सोशल मीडिया पर यह बात कही। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 1974 में इंदिरा गांधी की सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को गिफ्ट कर दिया था। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि कांग्रेस पिछले 75 साल से भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने का काम करती आ रही है। तमिलनाडु भाजपा चीफ के.अन्नामलाई ने कच्चाथीवू के बारे में जानकारी को लेकर आरटीआई दायर की थी। इसमें लिखा है कि साल 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चाथीवू द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, इंदिरा ने तमिलनाडु में लोकसभा कैंपेन को देखते हुए यह समझौता किया था। 1974 में इंदिरा गांधी की सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को गिफ्ट कर दिया था। 1974 में दोनों देशों के बीच दो बैठक हुई थी। पहली बैठक 26 जून को कोलंबो में और दूसरी 28 जून को दिल्ली में हुई। दोनों बैठकों में द्वीप श्रीलंका को देने पर सहमति बनी। रिपोर्ट में कहा गया कि समझौते में कुछ शर्तें रखी गई जैसे- भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप पर जा सकेंगे। द्वीप पर बने चर्च में भारतीय लोगों की बिना वीजा एंट्री होगी। 10 अगस्त 2023 को पीएम मोदी ने सदन में भी अविश्वास प्रस्ताव पर कच्चाथीवू को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा कि ये विपक्ष के लोग जो सदन से बाहर गए हैं, उनको जरा पूछिए। ये कच्चाथीवू क्या और कहां है। ये डीएमके वाले और उनकी सरकार मुझे चिट्ठी लिखती है कि मोदी जी कच्चाथीवू को वापस ले आइए। तमिलनाडु से आगे और श्रीलंका से पीछे एक टापू किसने किसी दूसरे को दिया था।

● कहा-75 साल से देश की अखंडता कमजोर कर रहे, उन पर भरोसा नहीं कर सकते

### मिशन लोकसभा

### लू से बचने भोपाल के पोलिंग बूथ पर होंगे इंतजाम

**भोपाल।** भोपाल लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग होगी। इस दौरान तेज गर्मी और लू का असर भी रहेगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि वोटिंग के दौरान टेम्प्रेचर 43 डिग्री तक पहुंच सकता



है। ऐसे में जिला प्रशासन पोलिंग बूथ पर ओआरएस पैकेट, पीने के पानी और छांव की व्यवस्था भी करेगा। भोपाल लोकसभा सीट में कुल 8 विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें भोपाल उत्तर, नरेला, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, भोपाल मध्य, गोविंदपुरा और सीहोर विधानसभाएं ही ऐसी हैं, जिनके ज्यादातर बूथ शहरी हिस्से में है, जबकि बैरसिया और हुजूर विधानसभा के ज्यादातर बूथ गांवों में है। शहर में तो सरकारी-प्राइवेट बिल्डिंग होने से छांव की व्यवस्था को लेकर कोई दिक्कतें नहीं होंगी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के बूथ में दिक्कतें आ सकती हैं। इसलिए प्रशासन के सामने यह बड़ी चुनौती रहेगी। ताकि, मतदाताओं को वोटिंग के दौरान परेशानी न हो। मौसम विभाग ने 1 से 15 मई के बीच भोपाल में दिन का टेम्प्रेचर 43 डिग्री पहुंचने का अनुमान जताया है।

# राष्ट्रपति ने आडवाणी को घर जाकर दिया भारत रत्न

## पीएम मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रहे मौजूद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को आज देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। न्यूज एजेंसी ने बताया कि आडवाणी के खराब स्वास्थ्य के कारण ये फैसला लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और भाजपा के संस्थापक सदस्य नाना जी देशमुख के बाद ये सम्मान पाने वाले भाजपा और आरएसएस से जुड़े तीसरे नेता हैं। राष्ट्रपति ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में 4 शख्सियतों को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया था। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। चारों शख्सियतों के परिजनों ने राष्ट्रपति भवन में यह सम्मान हासिल किया। नरसिम्हा राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर और एमएस स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान लिया।

# राजधानी में कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव लड़ने को मांगा चंदा

**भोपाल।** भोपाल लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव भोपाल में एक अलग अंदाज में चुनाव प्रचार के लिए निकले। इस दौरान उनके हाथ में एक बक्सा था। जिस पर लिखा था- एक नोट एक वोट। चुनाव प्रचार की शुरुआत उन्होंने न्यू मार्केट से की। इस दौरान प्रदेश

● लोगों से की एक वोट-एक नोट की अपील, पीसीसी चीफ बोले-हमारे खाते फ्रीज करवा दिए गए

कांग्रेस अध्यक्ष (पीसीसी) जीतू पटवारी भी साथ रहे। उन्होंने भी लोगों से एक वोट एक नोट की अपील की। कहा- हमारे खाते फ्रीज करा दिए गए, यह आर्थिक अराजकता है। आचार संहिता के बाद इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। रुपए मांगने को लेकर सवाल पूछा तो कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने कहा- कांग्रेस के सारे खाते फ्रीज कर दिए गए। एक




नोटिस देकर 1823 करोड़ कांग्रेस के ऊपर निकाले गए हैं। 2017 की राशि आज निकाली गई। खातों को फ्रीज करके लोकतांत्रिक मूल्यों को दबाने की कोशिश की गई है। आज हम जनता के बीच में जाकर जनता से पैसा ले रहे हैं। आम जनता से एक वोट और एक नोट की अपील कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष (पीसीसी) जीतू पटवारी ने कहा- पीएम नरेंद्र मोदी ने इनकम टैक्स के माध्यम से कांग्रेस के खाते फ्रीज करा दिए। पार्टी को 1800 करोड़ रुपए का नोटिस दिया गया है।

### मैंने पदक जीते...कांग्रेस को मुझ से क्या चाहिए

● महिला विरोधी टिप्पणी पर भड़कीं साइना नेहवाल

**हैदराबाद (एजेंसी)।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने शनिवार को दावणगेरे सीट से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वर पर की गयी महिला विरोधी टिप्पणी करने के लिए राज्य के अनुभवी कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा की आलोचना की। दावणगेरे दक्षिण से 92 वर्षीय मौजूदा विधायक शिवशंकरप्पा ने कहा था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद सिद्धेश्वर जीएम की पत्नी गायत्री 'केवल रसोई में खाना बनाना जानती हैं'। उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए नेहवाल ने अपने 'एक्स' पर पोस्ट किया।

### सीएम बोले-कांग्रेस नेता भाजपा में आकर सुकून महसूस करते हैं

#### दिग्विजय ने कहा-जो लोग बीजेपी में जा रहे, उन्हें धंधा-दलाली करनी है

**भोपाल।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा रहे नेताओं को लेकर दोनों पार्टियों के बीच जुबानी जंग जारी है। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, कांग्रेस से बड़ी संख्या में लोग भाजपा में आकर सुकून महसूस करते हैं। राजनीतिक दृष्टि से सकारात्मक तरीके से काम करने की प्रणाली सभी को आकर्षित करती है। उधर, आगर-मालवा जिले में पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, राजनीति विचारधाराओं की लड़ाई होती है। जो छोड़कर जा रहे हैं, उन्हें धंधा करना है, दलाली करनी है लेकिन वे अकेले ही जा रहे हैं, जनता उनके साथ नहीं जा रही। पूर्व मुख्यमंत्री ने रविवार को अपनी वादा निभाओ पदयात्रा से पहले शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर में हवन-पूजन किया। कांग्रेस ने उन्हें राजगढ़ से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी में कांग्रेसियों के आने का साइड इफेक्ट तो शुरू नहीं हो गया। मीडिया के इस सवाल पर पूर्व मंत्री व छतरपुर से विधायक ललिता यादव ने कहा था, हमारे पास इतनी अच्छी मेडिसिन है कि भाजपा को कोई साइड इफेक्ट नहीं होगा।



# मुकेश नायक बोले-देश घटियावाद की राजनीति के दौर में

## कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष का लिया चार्ज, कहा-बीजेपी साइकोलॉजिकल वॉर क्रिएट कर रही

**भोपाल।** पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने आज पीसीसी में मीडिया विभाग के अध्यक्ष का पदभार संभाला। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस के प्रवक्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पीसीसी चीफ के मीडिया एडवाइजर केके मिश्रा, कांग्रेस प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता, स्वदेश शर्मा, रवि सक्सेना, अवनीश बुंदेला, राम पांडे, अपराजिता पांडे मौजूद थे। मुकेश नायक ने कहा वर्तमान राजनीति का ये कालखंड घटियावाद है। कभी किसी देश मे मार्क्सवाद, पूंजीवाद और समाजवाद आया लेकिन, आज हम कह सकते हैं कि आज की राजनीति घटियावाद से गुजर रही है।



भाजपा चुनाव जीतने की मशीन बन गई है। बीजेपी अपने भटकाव की चरम अवस्था से गुजर रही है। सरकारें बना लेना अलग विषय है। हार-जीत की फैक्ट्री बना देना अलग विषय है। लेकिन, भारत की 140 करोड़ जनता की संवेदनाएं, आम गरीब का दर्द केवल रेवड़ियां बंट देने से कुछ नहीं होगा। घटियावाद के दौर में पहुंच गई राजनीति को चौथे स्तम्भ से बड़ी उम्मीद है। पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने आज पीसीसी पहुंचकर मीडिया विभाग के अध्यक्ष का पदभार संभाला। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस के प्रवक्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पीसीसी चीफ के मीडिया एडवाइजर केके मिश्रा, कांग्रेस प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता, स्वदेश शर्मा, रवि सक्सेना, अवनीश बुंदेला, राम पांडे, अपराजिता पांडे, अभय दुबे मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने कहा वर्तमान समय में राजनीति का जो कालखंड है। हम ये कहते हैं कि कभी किसी देश में पूंजीवाद आया, कभी किसी देश में समाजवाद आया। आज हम ये कह सकते हैं कि भारत की राजनीती घटियावाद के दौर से गुजर रही है। भाजपा चुनाव जीतने का कारखाना बन गई है।

### विश्व भारती यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पर लगा यौन शोषण का आरोप

● लड़कियों को मैसेज भेजे, लिखा-रात गुजारो तो एग्जाम पास करवा दूंगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता में विश्वभारती यूनिवर्सिटी की तीन छात्राओं ने एक गेस्ट प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इनका आरोप है कि इस प्रोफेसर ने सेमेस्टर परीक्षा में पास कराने के बदले में शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। यूनिवर्सिटी के फारसी, उर्दू और इस्लामिक स्टडी डिपार्टमेंट में पढ़ने वाली तीनों स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि प्रोफेसर ने उन्हें वॉट्सएप पर अश्लील मैसेज भी भेजे और कई बार उन्हें गलत तरीके से छुआ।



दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, सोमवार 01 अप्रैल, 2024

## संक्षिप्त समाचार

### सांची में मानव श्रृंखला बनाकर दिया लोकसभा निर्वाचन में मतदान का संदेश



**रायसेन (निप्र)।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सांची में जनपद पंचायत प्रांगण में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 07 मई को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने का संदेश दिया। इस दौरान सांची जनपद सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

### सुशील जैन बने सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष

**नर्मदापुरम(निप्र)।** सराफा एसोसिएशन के 2 वर्षीय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सुशील जैन पुनः निर्विरोध निर्वाचित हुए। उनका निर्वाचन होली मिलन समारोह के दौरान किया गया। संगठनात्मक चुनाव के लिए नर्मदापुरम सर्राफा व्यवसायियों की बैठक का आयोजन घानाबढ़ स्थिति बगीचे में किया गया। बैठक में सभी सराफा व्यवसायियों ने पूर्व से चले आ रहे संगठन के समस्त पदाधिकारी को आगामी दो वर्षों के लिए पुनः निर्विरोध समर्थन किया। मंच पर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य सेठ सुरेश कुमार अग्रवाल, सेठ प्रीतम प्रसाद सोनी, सेठ मोहन बाबूलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में एक लाइन का प्रस्ताव को धन्यवाद से पारित किया गया। इस अवसर पर लगभग 150 व्यवसायी, कर्मचारी मौजूद थे।

### अनारक्षित वर्ग के लिये 25 हजार, आरक्षित वर्ग के लिए 12,500 रुपये है निक्षेप राशि

**सीहोर (निप्र)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि लोकसभा- 2024 का चुनाव लड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निक्षेप राशि (जमानत राशि) निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रूपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करानी होगी।

### निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कराते हुए स्वतंत्र और शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराएं

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों की बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन-2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व और पुलिस अधिकारी क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री दुबे ने निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में सतत् भ्रमण करें और आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी प्राप्त होने पर त्वरित रूप से कार्यवाही करें। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजनैतिक सभाओं, रैलियों आदि गतिविधियों के लिए नियमानुसार अनुमति दी जाए तथा निर्धारित शर्तो का पालन सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री दुबे ने एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाहियों में तेजी लाते हुए सघन जांच की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल ने भी पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मुकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एकला चलो

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के गुट से राजनीति की एबीसीडी सीखने वाले जीतू संभवतः दंभ का शिकार हो गए हैं कि वे राजनीति में पारंगत हो चुके हैं। दिग्विजय के साथ रिश्तों के चलते वे अन्य गुटों से समन्वय स्थापित नहीं कर सके। मध्यप्रदेश में कमलनाथ के प्रदेश अध्यक्ष बनते ही जीतू को कार्यवाहक अध्यक्ष भी बनाया गया था लेकिन जीतू कमलनाथ गुट में सर्वश्रेष्ठ दिखने की चाहत में सामंजस्य स्थापित नही कर पाए। विधानसभा में भी कई अवसरों पर अपने दंभ के चलते बड़बोलेपन का शिकार हुए। जिसकी सजा भी उन्हें मिली।

**● मीडिया फुटेज की भूख**

जीतू को मुद्दों की समझ है लेकिन वे मीडिया फुटेज की भूख से ग्रसित है। कई अवसरों पर वे अपने वरिष्ठ नेताओं की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वयं ही पत्रकारों के सवालों का जवाब देने कूद पड़ते हैं। जिसके चलते असहज स्थिति बन जाती है। संभवतः यही वजह है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस की मीडिया सेल छिन्न-भिन्न हो गई है।

**● विपक्ष का प्रदर्शन लचर**

मध्यप्रदेश में कांग्रेस लंबे समय तक विपक्ष में रही है लेकिन विपक्षी दल के पर उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं कर पाई। सही मायनों में कहा जा सकता है कि अखिल भारतीय कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल गांधी की मेहनत और सोच पर मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी पानी फेर रहे हैं। जिसका कारण जीतू का दंभ है और जो साबित कर रहा है कि जीतू के बसंत में पतझड़ की बहार आई हुई है।

**कांग्रेस छोड़कर जाने वालों का रिकार्ड बना**

# जीतू के बसंत में पतझड़ की बहार विश्लेषण

**राहुल गांधी की मेहनत पर पानी फेरते जीतू पटवारी का दंभ**

*बतौर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं*



**गौरव चतुर्वेदी**

मध्यप्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुए सौ दिन हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जीत की सफलता को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर शिवराज सिंह चौहान की बजाय डॉ. मोहन यादव की ताजपोशी कर दी। कांग्रेस में असफलता का ठीकरा कमलनाथ पर फोड़ते हुए हारे हुए विधायक जीतू पटवारी को प्रदेश की कमान सौंपी है। दोनों ही दलों ने पीढ़ी परिवर्तन को महत्व दिया है। सही मायने में आकलन किया जाए तो इन सौ दिनों में ना डॉ मोहन यादव और ना ही जीतू पटवारी कोई उल्लेखनीय काम कर पाए हैं।

**बात आज जीतू पटवारी की**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भंग पड़ी हुई है। आलाकमान का जीतू पटवारी को सीधा वरदहस्त प्राप्त है। इसके बावजूद कांग्रेस का प्रदेश मुख्यालय वीरान पड़ा है। राजधानी में होते हुए भी जीतू प्रदेश मुख्यालय पर मौजूद नहीं रहते हैं। जीतू के राजनीतिक जीवन में यह दौर बसंत सा भरा है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने पार्टी छोड़ने का रिकार्ड बनाने की ठान ली है। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में किसी प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में और वह भी शुरुआती दौर में पार्टी छोड़ने वालों की तादाद जीतू पटवारी के अल्प कार्यकाल में सर्वाधिक है।

### कांग्रेस में टूट

कांग्रेस मुक्त भारत की कोशिशों में लगी भाजपा ने बतौर मास्टर स्ट्रोक कांग्रेस के प्रमुख रणनीतिकार सुरेश पचौरी को भाजपा में शामिल करा लिया। इसी के साथ ही इंदौर जिले के पूर्व विधायक रहे संजय शुक्ला, विशाल पटेल भी भाजपा में शामिल हो गए। जीतू समझ नहीं पाए। दूसरा झटका महू के पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे पंकज संघवी ने दिया। अंतर और पंकज को भाजपा में प्रवेश नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दिलाया। नैतिक तौर पर यह सीधा सीधा जीतू को झटका दिया गया। इसी दौरान मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे सांसद नकुलनाथ के भाजपा में शामिल कराने की कवायद की गई। मध्यप्रदेश में दो लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां भाजपा कांग्रेस को खत्म करने के लिए आमदा है। इनमें से एक छिंदवाड़ा और दूसरी इंदौर लोकसभा है। छिंदवाड़ा लोकसभा भाजपा कांग्रेस से छीनना चाहती है। इंदौर जीतू का गृहक्षेत्र है इसलिए भाजपा आक्रामक तेवर अपनाए हुए हैं। इस पूरे दौर में जीतू पार्टी छोड़ने वालों को कोसते तो नजर आए लेकिन पार्टी में कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए वे कोई भी कदम उठाने में असफल साबित हुए हैं।

## हिंदुत्व को बढ़ावा देने बनाया राष्ट्रीय गठबंधन (राग)

**स्वामी चक्रपाणि महाराज की अध्यक्षता में हुई बैठक**



भोपल। केंद्रीय कार्यालय अखिल भारत हिंदू महासभा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें अनेक राजनीतिक पार्टीयो व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रतिनिधि उपस्थित हुए और इसमें निर्णय हुआ कि जिस प्रकार देश में इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन दोनों कार्य कर रही है उससे देश की जनता खुश नहीं है, इसलिए हिंदुत्व आदि विचारधाराओं को लेकर एक राष्ट्रीय गठबंधन (राग) की आवश्यकता है, बैठक में सर्वसम्मति से स्वामी चक्रपाणि जी महाराज को राष्ट्रीय गठबंधन (राग) राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके बाद स्वामी चक्रपाणि महाराज ने सभी को आभार व्यक्त करते हुए ठाकुर योगेंद्र सिंह भदोरिया को राष्ट्रीय संयोजक एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एपी सिंह को राष्ट्रीय महासचिव तथा दिल्ली प्रदेश के संयोजक ज्ञान प्रकाश एडवोकेट को नियुक्त किया जिस पर उन्होंने धन्यवाद देते हुए दिल्ली में राष्ट्रीय गठबंधन (राग) को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय संयोजक चुने जाने पर ठाकुर योगेंद्र सिंह भदोरिया ने स्वामी जी को धन्यवाद देते हुए ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का वचन दिया और जल्द ही कोष निर्माण करने हेतु ठोस कदम उठाने पर बोले कि देशभर के पार्टियों को आपके नेतृत्व में एक जूट करेंगे। डॉ. एपी सिंह ने कहा कि जेल में बंद संतो को सत्ता में आने के बाद बाहर निकाला जाए, संतों पर अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस काम को राग ही सत्ता में आनेपर कर सकती है। स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि हम सभी हिंदुत्ववादियों, संगठनों से अपील करते हैं राष्ट्रीय गठबंधन (राग) से जुड़कर समाज और देश को मजबूत बनाएं। हमने देश को राष्ट्रीय गठबंधन राग के रूप में एक विकल्प दिया है। राष्ट रक्षा, धर्म रक्षा, गौ रक्षा में विश्वास करने वाले हर उस संगठन और पार्टियों को आमंत्रित कर रहे हैं जो इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन दोनों से दुखी है। स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद 24 घंटे के अंदर देश के सभी बूचड़खाने बंद होंगे और वहां गो पालन और जीव रक्षा के काम होंगे तथा साथ ही गौ रक्षा केंद्रीय कानून बनाएंगे एवं देश की सभी मंदिरों में वीआईपी कल्चर पर प्रतिबंध लगेगा। सबको सुविधाजनक भगवान के दर्शन की सुविधा होगी। सरकार द्वारा मंदिर, आश्रम, गुरुकुलों को बढ़ावा दिया जाएगा, आर्मी में युवाओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा तथा अग्निवीर समाप्त कर जवानों की स्थाई भर्ती की जाएगी। रेलवे, बस में 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी, युवाओं-महिलाओं को रोजगार की गारंटी दी जाएगी, देश में मुगलों के समय कब्जे किए गए सभी मंदिरों को संसद से कानून बनाकर वापस लिया जाएगा। अंत में निर्णय लिया गया कि जल्द ही राष्ट्रीय गठबंधन (राग) के देशभर के प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी और उनके प्रचार प्रसार हेतु पूरे देश में स्टार प्रचारक को की नियुक्ति की जाएगी। अंत में ओम ध्वनि के साथ बैठक का समापन हुआ।

### विधायक कमलेश शाह सहित रीवा, इंदौर और आगर मालवा के 1000 से अधिक कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



भोपाल। पूरे प्रदेश में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है और कांग्रेस हाशिये पर पहुंच गयी है। छिंदवाडा के कांग्रेस विधायक कमलेश शाह एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों से 1000 से अधिक कांग्रेस नेता कांग्रेस की कुनीतियों को छोड़कर एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है। कमलेश शाह के भाजपा में आने से छिंदवाडा में जीत का इतिहास बनेगा। छिंदवाडा का विकास डबल इंजन की सरकार में ही संभव है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह सहित रीवा, इंदौर और आगर मालवा के 1000 से अधिक कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद वीडी शर्मा, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह सहित आगर मालवा, रीवा, इंदौर के 1000 से अधिक जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### उपाय एप के जरिए होगा विद्युत शिकायत का समाधान

**सीहोर(निप्र)।** विद्युत संबंधी शिकायत के निराकरण के लिये उपाय एप के माध्यम से आसानी से समाधान किया जा रहा है । इसके लिए आपको अपने मोबाइल में उपाय एप डाउनलोड करना होगा । आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए भी उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को डाउनलोड कर अपनी शिकायत का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं । कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं । उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं । साथ ही बिजली बिल भी आसानी से घर बैठे ऑनलाइन जमा किया जा सकता है । बिजली उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के अनेक फायदे हैं । उपाय एप के रजिस्टर कम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं । शिकायत के निराकरण की स्थिति भी उपाय एप के माध्यम से जान सकते हैं ।

## अवैध मदिरा की धर पकड़ जारी

**66 हजार से अधिक की मदिरा सामग्री जब्त**



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा सघन जांच पड़ताल की जा रही है। कलेक्टर श्री वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन को ध्यानगत रखते हुए जिले की सीमाओं में किसी भी प्रकार से अवैध मदिरा का परिवहन व विक्रय ना हो पाए के प्रबंध सुनिश्चित कराए हैं। जिला आबकारी अधिकारी श्री विनय कुमार रंगशाही ने बताया कि अभियान के संचालन हेतु सहायक आबकारी अधिकारी श्री मुकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में विशेष कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है।

कलेक्टर श्री वैद्य के पर विदिशा जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु गठित टीम व जिले के समस्त आबकारी कार्यपालिक स्टाफ द्वारा वृत्त सिरोंज क्षेत्र के ग्राम वरेज, सालपुर, पुरावरेज, इक्लोद, जगथर, गोपाल नगर, वजीर पुर एवं झागर में दबिश देकर कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण कायम कर विदेशी मदिरा पावर व्हिस्की के 92 पाव एवं 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 450 किलो महुआ लहान जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क के तहत विधिवत रूप से प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए हैं। जब्तशुदा मदिरा का बाजार मूल्य 66 हजार 200 रुपये के लगभग आंकलित किया गया है। इस कार्यवाही में जिला आबकारी स्टाफ एवं नगर सैनिको की सराहनीय भूमिका रही।

### राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है उपार्जन केंद्र का निरीक्षण



**सीहोर(निप्र)।** कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों द्वारा गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है । सभी एसडीएम तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं । निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्रों पर तौल काटा, बिजली, पानी, छाया, छन्ना, नामी, हम्मालो की उपलब्धता, सर्वेयर की उपस्थिति, बारदाना आदि व्यवस्थाएं देख रहे हैं और समिति प्रबंधकों से चर्चा कर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की निर्देश दे रहे हैं । समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेना हो तो तुरंत सूचित करें ।

### व्यय प्रेक्षक सुश्री मीना ने दिगवाड और बोरास एसएसटी चेकपोस्ट का किया निरीक्षण बरेली में आयोजित बैठक में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए



**रायसेन(निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 140 उदयपुरा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईएएस सुश्री मीना कुमारी मीना द्वारा विधानसभा क्षेत्र 140 उदयपुरा अंतर्गत बनाए गए SST चेकपोस्ट दिगवाड़ कुटनासिर चौराहा तहसील बाड़ी एवं बौरास उदयपुरा रोड तहसील उदयपुरा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पंजी का अवलोकन किया और एसएसटी दलों से वाहनों की जांच, अभी तक की गई कार्यवाही आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और मुस्तैदी से दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने तहसील कार्यालय सभाकक्ष बरेली में समस्त FST, VVT, VST, व्यय लेखांकन दल एवं CVigil टीमों की मीटिंग ली। जिसमे सभी टीमो को लोकसभा निर्वाचन के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। व्यय प्रेक्षक सुश्री मीना कुमारी मीना ने सभी टीमों द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री संतोष मुदगल द्वारा PPT के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र की समस्त जानकारी का प्रजेंटेशन दिया गया। इस दौरान तहसीलदार श्री अम्बर पंथी, SDOP श्री सुरेश कुमार दामले एवं सभी नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी बरेली उपस्थित रहे।

## करेली के व्यक्ति ने जमा किया निर्दलीय नामांकन, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष स्थापित



**नर्मदापुरम(निप्र)।** होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय सीट पर चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन शनिवार को दूसरा नामांकन जमा हुआ। करेली जिला नरसिंहपुर के रहने वाले राकेश पिता रामप्रसाद ने निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी सोनिया मीना ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। अब तक होशंगाबाद-नरसिंहपुर सीट पर 2 अभ्यर्थियों के नामांकन जमा हो चुके है। पहले दिन भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने नामांकन जमा किया था। अब 31 मार्च और 1 अप्रैल को नामांकन जमा नहीं होंगे। 2,3,4 अप्रैल नामांकन जमा होंगे।

**शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष स्थापित**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होते ही लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष में निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष करने के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं के मध्य संपर्क करने के लिए नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत रजिस्टर के लिए जिला स्तर पर शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष स्थापित कराया है। नियंत्रण कक्ष कलेक्टर भवन के प्रथम तल पर स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन 24 घंटे कार्यरत है। उक्त जिला स्तरीय शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण एवं सी-विजिल कक्ष के लिए नवीन संशोधित आदेश अनुसार डिप्टी कलेक्टर असमनराम चिरावन को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्रियंका भलावी एवं जय सौलंकी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

आम जनता अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर अथवा जिला स्तरीय शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 07574-251292 के माध्यम से शिकायत कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही लिखित में जिला निर्वाचन कार्यालय को भी शिकायत की जा सकती है। इसके अतिरिक्त नागरिक सी विजिल मोबाईल एप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करा सकते है। जिसमें 100 मिनिट के भीतर कार्यवाही करके शिकायतों का निराकरण कराया जाएगा।

दैनिक सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...


# एक लाख से ज्यादा नाबालिगों को जापानी बुखार का टीका लगाकर मध्यप्रदेश में इंदौर बना नंबर वन

## पिछड़ गए भोपाल, सागर व अन्य शहर

इंदौर। जापानी बुखार को जड़ से खत्म करने के लिए टीकाकरण के मामले में इंदौर, भोपाल सहित अन्य शहरों को पीछे छोड़ते हुए मध्यप्रदेश में नम्बर बन शहर गया है। इंदौर में अभी तक लगभग एक माह में 1 लाख से ज्यादा नाबालिग बच्चों को टीका लगाया जा चुका है।

जिला स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण अधिकारी तरुण गुप्ता ने बताया कि पिछले माह 27 फरवरी से मध्यप्रदेश के 4 जिलों में नाबालिगों को टीकाकरण की शुरुआत हुई थी। अभी तक 1 साल से लेकर 15 साल के सागर, नर्मदापुरम 1 लाख 17 हजार 81 नाबालिग बच्चों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। टीकाकरण के मामले में इंदौर शहर भोपाल, सागर, नर्मदापुरम जिलों से आगे निकल गया है। मध्यप्रदेश के 4 जिलों में चल रहे टीकाकरण की स्थिति 28 मार्च तक इस प्रकार है। इंदौर में 1 लाख 17 हजार 81, भोपाल में 72 हजार 39, सागर में 89 हजार 61, नर्मदापुरम में 71 हजार 586 को टीके लग चुके हैं।

### परीक्षा के बाद टीका करण फिर शुरू किया जाएगा

इंदौर जिले में 12 लाख 35 हजार नाबालिग बच्चों को वैक्सीन लगाना है। फरवरी-मार्च माह में स्कूली परीक्षाओं का दौर चलता है। परीक्षा खत्म होने के बाद टीकारण और तेजी से किया जाएगा।

# प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान अखबार और टीवी चैनलों में विज्ञापनों और पेड न्यूज की मॉनिटरिंग करने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सोशल मीडिया पर भी पूरी नजर रखी जायेगी।

प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया पर प्रचार का खर्च भी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाएगा। अभी तक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा अखबार में प्रकाशित कराए जाने वाले समाचार, विज्ञापन और अलग-अलग चैनल पर दिखाए जाने वाले विजुअल पर ही नजर रखी जाती थी। बदलते समय के साथ अब इस बार के लोकसभा निर्वाचन में सोशल मीडिया की पोस्ट को भी प्रचार का हिस्सा माना जाएगा। चुनाव के खर्चे में सोशल मीडिया का खर्च भी जोड़ा जाएगा।

### प्रचार का खर्च निर्वाचन व्यय में जोडा जाएगा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार के निर्वाचन में चुनाव खर्च की प्रक्रिया में सोशल मीडिया को भी शामिल कर दिया गया है। इसी तरह भ्रामक और गलत सूचनाएं और फेक न्यूज फैलाने वालों पर भी पूरी नजर रखी जायेगी और उन पर कार्यवाही भी की जायेगी। ऐसा कार्य करने वाले व्यक्ति का पता लगाकर कानूनी धाराओं के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## ऐसी व्यवस्था रखें कि हर हाल में गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था सुचारू और अबाध बनी रहे – संभागायुक्त दीपक सिंह

इंदौर। संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा है कि पेयजल जीवन की जरूरत से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विषय है। इसको दृष्टिगत रखते हुए पेयजल वितरण को प्राथमिकता में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए की हर हाल में पेयजल वितरण व्यवस्था सुचारू और अबाध बनी रहे। पेयजल वितरण संबंधी शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी जिलों में इसकी प्रतिदिन समीक्षा भी हो।
संभागायुक्त सिंह ने गर्मी के मौसम को देखते हुए इंदौर संभाग में पेयजल व्यवस्था को सुचारू और अबाध बनाए रखने के संबंध में वर्चुअली संभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में सिंह ने संभाग में जिलेवार पेयजल की स्थिति तथा आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल व्यवस्था को हर हाल में सुचारू बनाए रखा जाए। अगर कहीं पेयजल के लिए नवीन कार्यों की आवश्यकता हो तो यह कार्य निर्वाचन आयोग की अनुमति प्राप्त कर ही किए जाएं। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर निर्वाचन आयोग को अनुमति के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखें कि सभी गांवों में पेयजल योजना सतत चालू रहे। अगर किसी कारण से पेयजल योजना बंद होती है तो उसकी वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाए। लोगों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो। दूषित पेयजल का वितरण किसी भी हाल में नहीं हो। उन्होंने कहा कि नलकूप/बोरिंग/मोटर्स की मरम्मत एवं संधारण कि समुचित व्यवस्था रखी जाए। शिकायत मिलने पर बोरिंग एवं मोटर की तुरंत मरम्मत कराई जाए। पीने के पानी संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जाए। जिला और ब्लॉक स्तर पर पीने के पानी संबंधी शिकायतों के लिए रजिस्टर रखा जाए। इन रजिस्टरों में दर्ज एवं निराकृत की गई शिकायतों की जिला स्तर पर प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए।

## महाकाल घटना में झुलसे 3 मरीज डिस्चार्ज

- इंदौर में पुजारी सहित सात का बर्न यूनिट में चल रहा इलाज

इंदौर (नप्र)। महाकाल मंदिर में होली के दिन पूजा के दौरान आग लगने से हुई घटना में पुजारी संजय शर्मा सहित झुलसे 12 लोगों को इंदौर के अरबिंदो हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। तीन मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं 9 मरीजों का अभी भी इलाज चल रहा है। इनमें से सात बर्न यूनिट में एडमिट हैं। यहां इलाज करा रहे सभी घायलों को एडमिट हुए तकरीबन एक हफ्ते का समय हो गया। इनमें से अधिकांश पुजारी और उनके परिवार के लोग हैं। सभी की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। घायलों में मनोज शर्मा को ऑक्सीजन पर रखा गया है। नजदीकी रिश्तेदार आशीष शर्मा ने बताया कि पुजारी संजय शर्मा उनके साले हैं। उनका हाथ, पैर और गला जला है। मांसपेशियों में दर्द है लेकिन हालत ठीक है। एक अन्य सत्यनारायण सोनी भी बर्न यूनिट में हैं। वे शुगर पेशेंट है इसलिए उनके इलाज पर खास ध्यान दिया जा रहा है। 30 मार्च को मरीज कमल को डिस्चार्ज कर दिया गया था। रविवार को सोनू राठौर और मंगल को डिस्चार्ज कर दिया गया। ये सभी 5-10 प्रतिशत जले थे। दो मरीज रमेश (60) और मास्टर अंश शर्मा (12) वार्ड में एडमिट हैं। इन्हें भी जल्द डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

## इंदौर में दो दिन से दिन–रात का तापमान एक जैसा

- बादल छाने से बना ऐसा मौसम; अब अगले हफ्ते से बढ़ेगी गर्मी

इंदौर (नप्र)। इंदौर में दो दिनों से दिन और रात का तापमान स्थिर है। दिन का तापमान जहां सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है वहीं रात का तापमान सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा बना हुआ है। इस दौरान रात को गर्मी ज्यादा सता रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दो दिनों से बादलों के छाने से तापमान में गिरावट आई है। अगले हफ्ते फिर सिस्टम बदलेगा और गर्मी का असर बढ़ने लगेगा। शनिवार को दिन का तापमान 37.4 (+1) डिग्री और रात का तापमान 22.8 (+4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया ।

## 969 लीटर मदिरा, 3 हजार 732 किलोग्राम महुआ लहान जब्त

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मदिरा के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण आदि पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इंदौर में रंगपंचमी ड्राई-डे पर आबकारी अमले द्वारा बड़ी कार्यवाहियां की गई है। इसके तहत 969 लीटर मदिरा तथा 3 हजार 732 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया है। इस दौरान 04 महत्वपूर्ण प्रकरण सहित 03 दिनों में 76 प्रकरण दर्ज किये गये है। इनमें 03 वाहन भी जब्त किये गये तथा 01 आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। सहायक आबकारी आयुक्त इंदौर मनीष खरे ने बताया कि रंगपंचमी के अवसर पर 30 मार्च 2024 को ड्राई-डे घोषित होने से मदिरा के अवैध व्यापार की आशंका को देखते हुए कंट्रोल रूम प्रभारी आर. एच. पचौरी एवं जिला उड़नदस्ता प्रभारी प्रीति चौबे के नेतृत्व में आबकारी की टीमों को विशेष निगरानी रखी गई। आबकारी की टीमों द्वारा 29 और 30 मार्च को जिले में कुल 76 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये जिसमें 969 लीटर मदिरा और 3 हजार 237 किग्रा महुआ लहान जब्त किया गया। 02 दो पहिया तथा 01 चार पहिया वाहन भी मदिरा के अवैध परिवहन में जब्त किया गया । जप्त समस्त सामग्री की कीमत 9 लाख 07 हजार रुपये है। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

# इंदौर से शुरू हुई वाराणसी फ्लाइट, बंद हुई राजकोट की उड़ान

## लक्षद्वीप और बाली के लिए भी इंदौर से मिली कनेक्टिंग फ्लाइट्स

इंदौर। आज से इंदौर सहित देश में उड़ानों का नया समर शेड्यूल लागू हो गया है। इस शेड्यूल के लागू होने के साथ ही इंदौर से राजकोट उड़ान बंद हो गई है। दूसरी ओर आज से इंदौर से वाराणसी के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत हुई। नए शेड्यूल में इंदौर से संचालित होने वाली दुबई और शारजाह की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ ही कई घरेलू उड़ानों के समय में भी बदलाव होने जा रहा है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) द्वारा लागू किया गया यह समर शेड्यूल 26 अक्टूबर 2024 तक लागू रहेगा। इस शेड्यूल में इंडिगो एयर लाइंस द्वारा राजकोट उड़ान को बंद करने का निर्णय लिया है। यह उड़ान रोजाना सुबह 7.45 बजे इंदौर से रवाना होकर 11.30 बजे वापस आती थी। इस उड़ान के बंद होने से यात्रियों को परेशानी होगी और गुजरात के एक शहर से संपर्क भी टूट जाएगा। दूसरी ओर आज से वाराणसी उड़ान की शुरुआत हुई। यह फ्लाइट (6ई- 7536/38) रोजाना सुबह 8.25 बजे इंदौर से वाराणसी के लिए रवाना हुई। 72 सीटर इस विमान में 60 से ज्यादा यात्री सवार थे। वापसी में यह फ्लाइट वाराणसी से रोजाना रात 10.15 बजे इंदौर आएगी। इस फ्लाइट के एक बार फिर शुरू होने से इंदौर का यूपी के एक ओर शहर से हवाई कनेक्शन जुड़ गया है, साथ ही वाराणासी में काशी विश्वनाथ के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिल गई है। दूसरी ओर वहां से उज्जैन और ओंकारेश्वर आने वाले लोगों को भी इंदौर के जरिए सुविधा मिली है।

**दुबई और शारजाह की उड़ानों का समय बदलेगा**

नया शेड्यूल लागू होने के साथ ही इंदौर से संचालित होने वाली दुबई और शारजाह की उड़ानों के समय में भी बदलाव होने जा रहा है। अभी जहां हर मंगलवार को शारजाह से उड़ान वहां के स्थानिय समयानुसार रात 1.05 बजे रवाना होकर सुबह 5.55 बजे इंदौर पहुंचती थी और यहां से सुबह 6.45 बजे रवाना होकर सुबह 8.45 बजे (शारजाह के समयानुसार) वहां पहुंचती थी। वहीं नए शेड्यूल में यह फ्लाइट कल से हर सोमवार शाम 6ः15 बजे वहां से निकलकर रात 11 बजे इंदौर आएगी। 12 बजे के बाद मंगलवार लगने के कारण मंगलवार रात 12.10 बजे इंदौर से रवाना होकर रात 3.25 बजे शारजाह पहुंचेगी। शनिवार को भी इसी तरह फ्लाइट रात 11 बजे आकर रविवार रात 12.10 बजे यहां से रवाना होगी। वहीं दुबई फ्लाइट अभी जहां शाम 5 बजे दुबई से रवाना होकर 9.35 बजे इंदौर आती थी और यहां से रात 1.05 बजे रवाना होकर रात 3.15 बजे दुबई पहुंचती है। वहीं 4 अप्रैल से यह गुरुवार शाम 5.40 बजे दुबई से रवाना होकर 10.30 बजे इंदौर पहुंचेगी और यहां से शुक्रवार रात 12.40 बजे रवाना होकर रात 2.55 बजे दुबई पहुंचेगी। इसके साथ ही कई घरेलू उड़ानों का समय भी बदलेगा। लक्षद्वीप और बाली का कनेक्शन मिला नए शेड्यूल में अतंरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले पर्यटकों को भी सुविधा मिली है और इंदौर से बाली और लक्षद्वीप के लिए इंडिगो एयर लाइंस ने कनेक्टिंग फ्लाइट्स शुरू की है। बाली फ्लाइट की बात करें तो इंदौर से रात बैंगलुरु जाने वाली फ्लाइट रात 8.40 बजे रवाना होकर रात 10.30 बजे बैंगलुरु पहुंचेगी और यात्री 2 घंटे 20 मिनट बाद 12.50 बजे बाली जाने वाली फ्लाइट में सवार हो सकेंगे, जो बाली के स्थानिय समयानुसार सुबह 10.20 बजे वहां पहुंचेगी, वहीं बाली से यह फ्लाइट सुबह 11.20 बजे रवाना होकर दोपहर 3.15 बजे बैंगलुरु पहुंचेगी। यहां 3 घंटे के इंतजार के बाद शाम 6.15 बजे बैंगलुरु से इंदौर की फ्लाइट में सवार होकर यात्री रात 8.10 बजे इंदौर पहुंचेंगे। इसी तरह लक्षद्वीप की बात करें तो इंदौर से सुबह 5.15 बजे फ्लाइट बैंगलुरु जाएगी और 7 बजे वहां पहुंचेगी। वहां से फ्लाइट सुबह 10.25 बजे रवाना होकर दोपहर 1 बजे लक्षद्विप के अगाती एयरपोर्ट पहुंचेगी। वहां से 1.20 बजे रवाना होकर दोपहर 3.20 वापस बैंगलुरु पहुंचेगी। शाम 6.15 बजे यात्रियों को इंदौर की फ्लाइट मिलेगी, जो रात 8.10 बजे इंदौर पहुंचेगी।

# रंगपंचमी पर गेर के बीच इंदौर की जनता का अपनापन देखने को मिला

- गेर के बीच निकालनी पड़ी एंबुलेंस
- भीड़ में कॉरिडोर बनाने के एक नहीं तीन केस हुए

इंदौर (नप्र)। इंदौर में रंगपंचमी पर गेर के बीच इंदौर की जनता का अपनापन देखने को मिला। वह भी एक नहीं तीन बार। हम बात कर रहे हैं गेर में उन तीन लोगों की जिनकी तबीयत बिगड़ी थी। खजुरी बाजार से सायरन बजाती 108 एम्बुलेंस को जैसे ही इंदौरियों ने देखा तो रास्ता बनाने में जुट गए। तुरंत एम्बुलेंस के लिए रास्ता बनाया गया। इस बार पुलिस सुरक्षा के साथ लोगों के सेहत का भी काफी ध्यान रखा गया था। गेर में 10 एम्बुलेंस को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया था। गेर बीच में एम्बुलेंस इन कारणों से निकालना पड़ा।






### आंख में रंग जाने से बिगड़ी थी युवक की तबीयत

दोपहर लगभग 12 बजे जब मिसाइल से रंग फेंका जा रहा था तब वहां अजय (20) नाम का एक युवक गेर देख रहा था। रंग उसकी आंख में चला गया। उसे काफी जलन होने लगी। लोगों से मदद मांगी। इस पर कुछ दूर खड़ी एम्बुलेंस (मानपुर) को सूचना दी गई। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) देवराज दांगी और पायलट गोवर्धन पाटीदार ने उसे संभाला और हॉस्पिटल के लिए रवाना हुए। खचाखच भरी भीड़ के बीच से करीब 10 मिनट में ही मरीज को एमवाय हॉस्पिटल में पहुंचा दिया गया। अब उसकी हालत ठीक है।

### युवक के पैर पर चढ़ गया था गाड़ी का पहिया

दोपहर को नृसिंह बाजार चौराहे के पास सागर (38) पिता सुरेश वर्मा निवासी सुभाष नगर के पैर पर पानी के टैंकर का पहिया चढ़ गया। इस पर लोगों ने कुछ दूर तैनात एम्बुलेंस (मानपुर) को सूचित किया। ईएमटी धर्मेंद्र और ड्राइवर महेंद्र पटेल उसे लेकर तुरंत एमवाय हॉस्पिटल रवाना हुए। युवक की हालत गंभीर होने पर वहां से प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मशक्कत के बाद सर्जरी से उसका पैर बचाया। भीड़ काफी थी। लेकिन लोगों ने सहयोग किया। समय पर हॉस्पिटल पहुंचने पर उसे जल्द इलाज मिला। अब उसकी हालत ठीक है।

**घबराहट से बिगड़ी बुजुर्ग की तबीयत:** गेर में डीजे की आवाज के कारण 65 वर्षीय बुजुर्ग हरिनारायण को घबराहट होने लगी। एम्बुलेंस (लसूडिया) को सूचना दी गई। ईएमटी सुनील मालवीय और ड्राइवर अंबुज पाल उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए।

### पोलो ग्राउंड भी भेजी गई थी कई एम्बुलेंस

एम्बुलेंस 108 सर्विस के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह परिहार ने बताया कि गेर में 10 एम्बुलेंस एक्टिव थी। अब इन मरीजों की स्थिति संबंधित हॉस्पिटल से पता चलेगी। एम्बुलेंस स्टाफ का काम मरीजों को हॉस्पिटल में छोड़ना है। कई बार हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत ठीक होने पर एडमिट नहीं किया जाता है। इंदौर में शाम को पोलो ग्राउंड में एक फैक्ट्री के पास आग लगने की घटना भी हुई। उस दौरान भी कई एम्बुलेंस वहां भेजी गई थी।

दोस्तों के साथ नहाने गया नाबालिग डूबा

# एसडीआरएफ की टीम ने दूसरे दिन निकाला शव, तैरते हुए गहराई में चला गया था

इंदौर (नप्र)। इंदौर के बाणगंगा में शनिवार को दोस्तों के साथ नहाने गया एक 15 साल के नाबालिग की डूबने से मौत हो गई। डर के चलते दोस्तों ने यह बात परिवार को नहीं बताई। रात में परिवार को जानकारी लगी। सुबह जांच टीमें पहुंची और बच्चे को ढूंढना शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे का शव मिला है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए अरबिंदो अस्पताल भेजा गया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक बच्चे का नाम पवन (15) पुत्र नकुल विश्वकर्मा निवासी राम नगर है। उसका शव टिगरिया बादशाह के तालाब में रविवार सुबह साढ़े 9 बजे के लगभग टीम ने काफी मशक्कत के बाद बरामद किया। पवन शनिवार की दोपहर में डूबा था। उसे दोस्त वहीं छोड़कर घर आ गए। रात में बच्चे के परिजनों के पूछने पर मामले की जानकारी लगी। पवन इलाके के सरकारी स्कूल में क्लास 9 वी में पढ़ाई करता था।

### दोस्तों के साथ गया था नहाने

पुलिस के मुताबिक पवन के सभी दोस्त नाबालिग हैं। शनिवार सुबह 11 बजे चार से पांच दोस्तों के साथ पवन यहां नहाने पहुंचा था। इस दौरान पवन तैरते हुए गहराई में चला गया। दोस्तों ने उसका हाथ पकड़ने के बाद उसे निकालने की कोशिश की। लेकिन वह काफी अंदर तक चला गया। इस घटनाक्रम से उसके दोस्त डर गए। वे सभी घबराकर करीब डेढ़ बजे के अपने-अपने घर चले गए।

### परिवार ने ढूंढा तो रात में पहुंचे थाने

पवन परिवार के लोगों को दिनभर नहीं दिखा तो उन्हें लगा कि वह दोस्तों के साथ रंगपंचमी मनाने गया होगा। देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो सुबह उसके साथ घूम रहे दोस्तों से परिवार ने पूछताछ की। उन्होंने बताया कि तालाब में नहाने के दौरान पवन डूब गया।

इंदौर में देर रात बजरंगियों का हंगामा

# वर्ग विशेष के युवक के साथ युवती मिली तो भेजा थाने

इंदौर (नप्र) । इंदौर के राऊ में शनिवार रात वर्ग विशेष के युवक के साथ एक युवती के मिलने पर बजरंगियों ने हंगामा कर दिया। पुलिस को मौके पर ही बुलाकर युवक को पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता के परिवार के लोगों को रविवार को थाने बुलाया गया था। राऊ पुलिस ने साजिद इस्लाम नाम के व्यक्ति को हिरासत में लिया है। वह बिहार का रहने वाला है। इंदौर में कादंबरी नगर में रह रहा था। शनिवार रात बजरंगदल के पदाधिकारी राम डांगी को जानकारी मिली थी कि कादंबरी नगर में साजिद के साथ एक युवती रूकी है। जब बजरंगी यहां पहुंचे तो पुलिस भी साथ थी। बजरंगियों ने साजिद से युवती के बारे में पूछा तो वह उसे अपनी साली बताने लगा। लेकिन रात युवती पूछताछ में ज्यादा जवाब नहीं दे पाई।

### पड़ोस में रहती है युवती

बजरंगियों ने आरोप लगाया कि युवती गांव की रहने वाली है। उन्हें बहला फुसलाकर अपने पास बुलाया। युवती के माता-पिता गांव में रहते हैं। वह कादंबरी नगर में अपने भाई के साथ रहती है। युवती का भाई रात में ड्यूटी पर गया। इस दौरान साजिद ने उसे बुलाया।

दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, सोमवार 01 अप्रैल, 2024

# संपादकीय | मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का ढीला गठबंधन

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह विपक्षी दल एकजुट हुए थे और एक व्यापक आंदोलन की रणनीति बनी थी, उससे लगा था कि वह सत्तापक्ष के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। मगर अब जब चुनाव की घोषणा हो गई और नामांकन के पहले चरण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है, इस गठबंधन में त्वरा नजर नहीं आ रही है। खासकर सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में तो सीटों को लेकर पहले ही समझौता हो गया था, मगर बिहार में गतिरोध जारी था। अब काफी मंथन के बाद वहां समझौता हो पाया है। राष्ट्रीय जनता दल छब्बीस, कांग्रेस नौ और पांच सीटों पर वाम दल चुनाव लड़ेंगे। मगर अभी महाराष्ट्र का मामला लटका हुआ है। गठबंधन में नजर आ रही यह शिथिलता किसी रणनीति का हिस्सा नहीं मानी जा सकती। इसमें राजनीतिक दलों की अपनी स्थिति को लेकर हिचक अधिक समझ आती है।

दरअसल, जिस जोशो-खरोश के साथ विपक्षी दलों ने मिल कर 'इंडिया' गठबंधन बनाया था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। इस गठबंधन के अगुआ नीतीश कुमार खुद भाजपा के साथ जा मिले, फिर ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

इस तरह दलों के अलग-अलग रास्ता अपनाने से गठबंधन की जो कुछ रैलियां प्रस्तावित थीं, वे भी अभी तक नहीं हो पाई हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो फार्मूला पहले ही तय हो जाना चाहिए था, वह अभी तक अंतिम रूप नहीं ले पाया है, जिसकी वजह से ये अड़चनें बनी हुई हैं। माना जा रहा था कि गठबंधन



के दल इस फार्मूले पर सहमत हो जाएंगे कि जिस सीट पर जिसकी जीत की उम्मीद अधिक है, उस पर उसी के प्रत्याशी को उतारा जाएगा।मगर शायद यह फार्मूला सर्वमान्य नहीं हो पाया। इसी वजह से कुछ सीटों को लेकर अभी तक खींचतान देखी जा रही है। इससे गठबंधन के बारे में गलत संदेश ही जा रहा है। सीटों के निर्धारण में जितनी देर होगी, उतना ही कम समय उन पर उतारे जाने वाले प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मिल पाएगा। राजनीति में फैसलों के समय की भी बड़ी अहमियत होती है। सही समय पर फैसले नहीं लिए जाते, तो उसका फायदा आखिरकार विपक्षी दल को मिलता है। इसलिए गठबंधन दलों को अब ज्यादा समय तक सीटों के बंटवारे को लेकर हिचक पाले रखना या मंथन नहीं करना चाहिए। हालांकि कई बार रणनीति के तहत भी राजनीतिक दल ऐसा दिखाने के प्रयास करते हैं कि वे कमजोर या अनिर्णय की स्थिति में हैं। इस तरह वे प्रतिद्वंद्वी की चालों को भांपने का प्रयास करते हैं। मगर गठबंधन दल अब उस दौर से आगे निकल आए हैं। सत्तापक्ष ने ज्यादातर जगहों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उसके सहयोगी दलों के साथ समीकरण भी स्पष्ट हैं। ऐसे में अब जरूरत है, तो विपक्षी गठबंधन दलों को अपने स्थानीय स्वार्थों और पार्टी नेताओं के दबाव से बाहर निकल कर सत्ता समर के लिए कमर कसने की। हालांकि गठबंधन के लिए इसे एक अच्छा संकेत माना जा सकता है कि सीटों के बंटवारे में देर जरूर हो रही है, पर अभी तक उनमें एकजुटता बनी हुई है। ऐसा कोई बड़ा विवाद या विद्रोह अभी तक नजर नहीं आया है। यह सत्तापक्ष के लिए अपने आप में किसी चुनौती से कम नहीं।

## सोशल मीडिया से...



चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देश के विकास, विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और जनसेवा के लिए उनकी प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।
**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री



गेर के उल्लास और आनंद में डूबे पूरे राजवाड़ा में जहां तिल रखने की जगह न बची हो, कोई किसी को सुन न सके, वहां एक एंबुलेंस के गुजरने पर एक क्षण में रास्ता खाली होता देख अपने इंदौरी भाई-बहनों के लिए मेरे हृदय में प्यार व श्रद्धा और अधिक बढ़ गई। दूसरों के लिए आप सभी के दिल में प्रेम और सहयोग की जो अनंत भावना है, वह आत्मसात करने योग्य है। हृदय से आभार और अभिनंदन व्यक्त करता हूं
**डॉ. मोहन यादव**, सीएम मध्यप्रदेश



जो काम मुझे दिया गया, पूरी मेहनत, ईमानदारी और प्रामाणिकता के साथ किया। एक बात का आज मुझे गर्व है कि विदिशा का नाम, आपका मान और सम्मान पूरे हिंदुस्तान में मैंने रोशन करने का काम किया है। मैं वचन देता हूं कि जब तक मैं जीऊँगा, जब तक मेरी हर एक सांस चलेगी, आपकी सेवा के लिए चलेगी।
**शिवराजसिंह चौहान**, पूर्व सीएम मध्यप्रदेश



मीडिया, संवैधानिक संस्थाएं व सम्पूर्ण व्यवस्था दबाव में है। जांच एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है। चुनाव से पहले विरोधी पार्टियों के मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। देशवासियों को मिलकर इस चुनाव में लोकतंत्र व संविधान की रक्षा करनी होगी।
**अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम राजस्थान

## आज का कार्टून




# पंजाब को लेकर क्या है भाजपा की रणनीति?

असल में भारतीय जनता पार्टी के टारगेट पर पंजाब दो कारणों से है। भाजपा का पंजाब में कोई जमीनी आधार नहीं है। ऐसे में उसके पास दूसरों दलों के नेताओं को अपने पाले में लाकर अपनी स्थिति को मजबूत करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। किसान आंदोलन के चलते पंजाब में भाजपा को फिलहाल कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है। पंजाब को टारगेट पर लेने की दूसरी बड़ी वजह आप पार्टी और कांग्रेस का मजबूत आधार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में पंजाब की 13 सीटों में से 8 सीटें कांग्रेस ने जीती थी और 2022 के विधानसभा चुनाव में 117 विधानसभा सीटों में से 92 सीटे आप पार्टी ने जीती थी। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को मालूम है कि 2019 में कांग्रेस की 52 सीटों में पंजाब की 8 और केरल की 15 सीटों का योगदान था। इन दो राज्यों से ही कांग्रेस को 23 सीटें मिली थी। ऐसे में पंजाब में कांग्रेस के कमजोर होने से लोकसभा में भी कांग्रेस कमजोर होगी।

**समीर चौगांवकर**

2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत से भारतीय जनता पार्टी डर गई थी और ÷आप÷ को अपने लिए एक चुनौती के रूप में देखने के लिए विवश हो गई थी। पंजाब विधानसभा चुनाव में हार के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछा गया कि पंजाब में भाजपा की रणनीति क्यों फेल हुई तो अमित शाह ने कहा था कि पंजाब में हमारे पास अन्य विकल्प भी उपलब्ध हैं। समय आने पर उनका इस्तेमाल करेंगे। उस समय मीडिया अमित शाह के बयान का अर्थ नहीं निकाल सका लेकिन अमित शाह जिस विकल्प की बात कर रहे थे वह यही था कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को तोड़ो। अमित शाह की रणनीति साफ है, अपनी लकीर बड़ी नहीं कर सकते तो विरोधियों की लकीर छोटी कर दो। इसलिए भारतीय जनता पार्टी पंजाब में कांग्रेस और आप पार्टी की लकीर छोटी करने में जुटी है। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी आज अपने सबसे बड़े राजनीतिक संकट से गुजर रही है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जेल में हैं, आप के बड़े नेता संजय सिंह भी जेल में है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 24 घंटे पहले ही ईडी की कस्टडी में दूसरी बार 4 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है।

आम आदमी पार्टी में आए इस भूचाल ने पंजाब में आप की जड़ों को हिला दिया है। जालंधर उपचुनाव में जीत कर पार्टी के इकलौते लोकसभा सांसद बने रिंकू और विधायक शीतल अंगुराल ने आप को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। उधर पंजाब कांग्रेस के बड़े नेता और लुधियाना से दो बार के सांसद रवनीत बिट्टू ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी परणीत कौर जिन्होंने कांग्रेस के टिकट पर पटियाला से चुनाव जीता था, वह भी भाजपा की सदस्य बन गई हैं। ऐसे में पंजाब में उम्मीदवारों के अकाल से गुजर रही भाजपा ने कांग्रेस और आप के नेताओं को तोड़कर पंजाब की 13 मे से 7 सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर लिए हैं।

कांग्रेस से आने वाले बिट्टू को लुधियाना, परनीत कौर को पटियाला, रिंकू को जालंधर सीट से टिकट मिलना तय है। भाजपा ने 2019 में पंजाब की दो सीटों गुरूदासपुर और होशियारपुर से जीत दर्ज की थी। इस बार भी होशियारपुर से सोमप्रकाश को टिकट मिलना तय है। गुरूदासपुर से भारतीय जनता पार्टी सनी देओल की जगह किसी और को टिकट देने पर विचार कर रही है।

असल में भारतीय जनता पार्टी के टारगेट पर पंजाब दो कारणों से है। भाजपा का पंजाब में कोई जमीनी आधार नहीं है। ऐसे में उसके पास दूसरों दलों के नेताओं को अपने पाले में लाकर अपनी स्थिति को मजबूत करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। किसान आंदोलन के चलते पंजाब में भाजपा को फिलहाल कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है। पंजाब को टारगेट पर लेने की दूसरी बड़ी वजह आप पार्टी और कांग्रेस का मजबूत आधार है।

2019 के लोकसभा चुनाव में पंजाब की 13 सीटों में से 8 सीटें कांग्रेस ने जीती थी और 2022 के विधानसभा चुनाव में 117 विधानसभा सीटों में से 92 सीटे आप पार्टी ने जीती थी। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को मालूम है कि 2019 में कांग्रेस की 52 सीटों में



पंजाब की 8 और केरल की 15 सीटों का योगदान था। इन दो राज्यों से ही कांग्रेस को 23 सीटें मिली थी। ऐसे में पंजाब में कांग्रेस के कमजोर होने से लोकसभा में भी कांग्रेस कमजोर होगी।

इधर आप पार्टी और कांग्रेस ने दिल्ली में गठबंधन कर लिया है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में पब्लिक सेटिमेंट अगर कुछ हद तक आप के पक्ष में गया तो भाजपा को एक सीट का नुकसान दिल्ली में हो सकता है। पंजाब में आप पार्टी सभी 13 सीटें जीतने की स्थिति में है।

भाजपा ने रिंकू, शीतल को खरीदा और अब आप विधायकों को ऑफर की है रुपया, पद और वाय प्लस सुरक्षा, सौरभ भारद्वाज का आरोप भाजपा ने रिंकू, शीतल को खरीदा और अब आप विधायकों को ऑफर की है रुपया, पद और वाय प्लस सुरक्षा, सौरभ भारद्वाज का आरोप पहले ही दिल्ली से 3 और पंजाब से 7 राज्यसभा सांसद आप पार्टी के हैं। ऐसे में पंजाब में यदि आप पार्टी 13 की 13 लोकसभा सीट जीत जाती है तो लोकसभा में 13 सांसद और राज्यसभा में 10 सांसद हो जाएंगे। इससे आम आदमी पार्टी का संसद में महत्व बढ़ जाएगा। भाजपा संसद की इसी स्थिति से बचना चाहती है और लोकसभा में आप की राह रोकने का हरसंभव प्रयास कर रही है। दरअसल, भाजपा पंजाब में अब दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में लाकर पंजाब में अपनी स्थिति सुधारना चाहती है। पंजाब में अकाली दल और भाजपा का गठबंधन बहुत पुराना था। गठबंधन में हुए समझौते के तहत भाजपा 3 सीटों पर और अकाली दल 10 सीटों पर चुनाव लड़ती थी। किसान आंदोलन के कारण अकाली दल ने भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन तोड़ लिया।

2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को उम्मीद थी कि कांग्रेस से अलग हुए पंजाब के दिग्गज नेता अमरिंदर सिंह के साथ गठबंधन करने से उसे फायदा होगा लेकिन अमरिंदर किसी भी तरीके से भाजपा की कोई मदद नहीं कर सके। खुद भी विधानसभा चुनाव हारे और भाजपा के विधायकों की संख्या 2 से आगे नहीं बढ़ सकी। इसलिए अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद से भाजपा पंजाब में अपने लिए जमीन तलाश रही थी। यह जमीन उसे आप पार्टी और कांग्रेस के नेताओं में नजर आयी है। दिल्ली के बाद आप का आधार कहीं बढ़ा है तो वह पंजाब राज्य में है। 2014 के आम चुनाव में पंजाब से आप पार्टी के चार सांसद जीते थे। भगवंत मान संगरूर से, धर्मवीर गांधी पटियाला से, साधु सिंह फरीदकोट से और हरिंदर सिंह खालसा फतेहगढ़ साहिब से जीते थे। लेकिन 2019 में सिर्फ भगवत मान संगरूर से जीते थे।

2022 में मुख्यमंत्री बनने के बाद भगवत मान ने संगरूर से इस्तीफा दे दिया था और उपचुनाव में आप को हार का सामना करना पड़ा था लेकिन विधानसभा चुनाव परिणामों ने आप को पंजाब की सभी 13 सीटों पर जीतने की स्थिति में ला दिया। यही कारण था कि आप ने दिल्ली में तो कांग्रेस से गठबंधन किया लेकिन पंजाब में अकेले लड़ने का फैसला किया। लेकिन पंजाब में आप के सामने दोहरी चुनौती है। भारतीय जनता पार्टी आप में सेंध लगा रही है और कांग्रेस हर हाल में अपने 2019 के प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश कर रही है। इसलिए आम आदमी पार्टी को पंजाब में कांग्रेस के साथ साथ भाजपा से भी दो-दो हाथ करने पड़ रहे हैं।

केजरीवाल के जेल में होने के कारण पंजाब की पूरी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री भगवंत मान के कंधों पर है। भाजपा का पिछला प्रदर्शन बताता है कि पार्टी अपने दम पर कुछ खास करने की स्थिति में नहीं है, इस कारण तोड़फोड़ कर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है।

भाजपा और अकाली गठबंधन टूटने के बाद 2022 संगरूर उपचुनाव में भाजपा को 9.33 प्रतिशत और अकाली को 6.25 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा चौथे ओर अकाली दल पांचवे नंबर पर था। इसके बाद 2023 में जालंधर उपचुनाव में अकाली दल को 17.85 प्रतिशत और भाजपा को 15.19 प्रतिशत वोट मिले थे। अकाली तीसरे और भाजपा चौथे नंबर पर थी। आज तक पंजाब में भाजपा का वोट शेयर दहाई के आंकड़े में नहीं पहुंच सका है।

अब केजरीवाल की गिरफ्तारी का पूरा फायदा भाजपा पंजाब में उठाना चाहती है। पंजाब में आप को तोड़कर पार्टी का पूरे देश में मनोबल तोड़ना चाहती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल के ईडी कस्टडी में होने और उसके बाद जेल जाने की पूरी संभावना के बाद पार्टी का मनोबल पहले से टूटा हुआ है। भाजपा बस उसको थोड़ा सा ओर मरोड़ना चाहती है। इसमें भाजपा कितनी सफल होती है या आम आदमी पार्टी अपने आप को कितना संभाल पाती है यह चुनाव परिणाम बतायेगा।

# पीएमएलए की गुत्थी सुप्रीम कोर्ट ही सुलझाए

**(राजेश चौधरी)**

पीएमएलए कानून के तहत हाल ही में ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इसी कानून में पिछले साल गिरफ्तार हुए थे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आप नेता संजय सिंह व सत्येंद्र जैन भी इसी कानून के तहत जेल में हैं। इन नेताओं को अभी जमानत नहीं मिल पाई है।

**रिव्यू पिटिशन दायर** – पीएमएलए कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे बहाल रखा था। हालांकि इस मामले में रिव्यू पिटिशन दाखिल हुई है, जिस पर सुनवाई अभी होनी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट कई बार पीएमएलए के प्रा?वधानों पर सुनवाई करते हुए ईडी को अलग-अलग मामलों में फटकार भी लगा चुका है।

**कानून पर सवाल** – सवाल है कि आखिर इस कानून के तहत जमानत मिलना इतना कठिन क्यों है। पहले जानते हैं कि इस कानून पर किस तरह के सवाल उठते रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा गया था कि पीएमएलए के तमाम प्रावधानों में खामियां हैं।

ईसीआरआई (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) की कॉपी आरोपी के साथ गिरफ्तारी के वक्त साझा नहीं की जाती।

आरोपी को पता नहीं होता कि उसके खिलाफ गिरफ्तारी के लिए क्या साक्ष्य एजेंसी के पास है।

धारा-45 के तहत डबल बेल कंडिशन पर आपत्ति करते हुए कहा गया कि यह अनुच्छेद-21 के तहत जीवन और स्वच्छंदता के अधिकार का उल्लंघन करता है। वहीं, इस एक्ट के तहत खुद आरोपी को जमानत के लिए कोर्ट को संतुष्ट करना होता है कि वह बेकसूर है।

एक्ट की धारा-19 में गिरफ्तारी के प्रावधान किए गए हैं। लेकिन उससे अलग भी ईडी अधिकारी समन करने के दौरान आरोपी को हिरासत में ले सकते हैं।

धारा-50 के तहत ईडी जो बयान दर्ज करता है, वह मान्य साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। यह संविधान के अनुच्छेद-20 (3) का उल्लंघन है, जो कहता है कि किसी को खुद के खिलाफ गवाही के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

ईडी का अधिकारी भी पुलिस अधिकारी की तरह ही है और उनके सामने दिए गए बयान की कोई मान्यता नहीं होनी चाहिए।

**दोहरी शर्त** – मगर सुप्रीम कोर्ट ने 27 जुलाई 2022 के फैसले में पीएमएलए कानून को बरकरार रखा। कोर्ट ने ईडी की गिरफ्तारी, संपत्ति अटैचमेंट और सीज करने के अधिकार को पीएमएलए के तहत वैध करार दिया। उसने कहा कि धारा-45 के तहत जमानत की कड़ी शर्त वाले प्रावधान सही हैं। इसके तहत मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी को तभी जमानत दी जा सकती है, जब वह दोहरी शर्तें पूरी करे। अव्वल तो यह कि पहली नजर में दिख रहा हो, आरोपी ने अपराध नहीं किया है। दूसरे, जमानत के दौरान अपराध होने की आशंका न बची हो।

**ईडी अधिकारी पुलिसवाले नहीं** – सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ईडी अधिकारी और पुलिस अधिकारी एक नहीं हैं। ईडीअधिकारी के सामने दर्ज बयान एक्ट की धारा-50 के तहत रेकॉर्ड होता है, जो मान्य है। पुलिस के सामने दिया बयान मान्य नहीं होता। शीर्ष अदालत के उस फैसले के मुताबिक, ईसीआईआर चूंकि आंतरिक दस्तावेज है, इसलिए आरोपी की गिरफ्तारी के वक्त उसकी कॉपी सप्लाई करना अनिवार्य नहीं है। गिरफ्तारी का आधार बताना ही काफी है। श्वष्ठ अधिकारी के सामने पीएमएलए की धारा-50 के तहत आरोपी जो बयान देता है उस आधार पर आगे की कार्रवाई होती है और कोर्ट के मुताबिक यह संविधान के अनुच्छेद-20 (3) का उल्लंघन नहीं है।


**विचार की गुंजाइश**– स फैसले के खिलाफ दाखिल रिव्यू पिटिशन पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पहली नजर में जजमेंट के कुछ पहलुओं पर दोबारा विचार की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कई अन्य मामलों में ईडी और पीएमएलए पर सख्ती दिखाई।

20 मार्च 2024 को एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस के ट्रायल में अगर देरी हो तो जमानत दिए जाने पर रोक नहीं है। जस्टिस खन्ना ने कहा कि जमानत का अधिकार अनुच्छेद-21 के तहत मिला हुआ है और यह अधिकार पीएमएलए की धारा-45 द्वारा नहीं छीना जा सकता।

4 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी के समन के बावजूद उससे सहयोग न करना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। रिमांड के वक्त यह देखना जरूरी है कि गिरफ्तारी वैध है या नहीं।

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में 29 नवंबर 2023 को कहा था कि श्वष्ठ तब तक आपराधिक साजिश यानी आईपीसी की धारा-120 का इस्तेमाल कर मनी लॉन्ड्रिंग का केस नहीं बना सकता, जब तक कि साजिश मनी लॉन्ड्रिंग से लिंक न हो।


आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी
दैनिक सद्भावना पाती



शिकायत / पत्र संपादक के नाम
आप किसी समस्या, शिकायत, मुद्दे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।
सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें
और उस पर शिकायत उपरांत हमें उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।
हम उस शिकायत को दैनिक सद्भावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र खत्म करने का प्रयास करेंगे।
केवल व्हाट्स एपकरें, कॉल न करें।
व्हाट्स ऐप न. 9685611304
ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com
नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोपीय नॉर्डिक-बाल्टिक देशों में निर्यात 10 तो आयात 9.5 प्रतिशत बढ़ा, स्वीडन भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूरोप के नॉर्डिक-बाल्टिक देशों के समूह के साथ भारत का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। निर्यात में 10.16 फीसदी, जबकि आयात में 9.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के मुताबिक, 2022-23 में इन देशों से भारत का आयात 540 करोड़ डॉलर पार हो गया। वहीं, स्वीडन इन देशों के समूह में भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बन गया है। स्वीडन के साथ भारत ने करीब 269 करोड़ डॉलर का कारोबार किया, इसमें से 96.16 करोड़ डॉलर का निर्यात और 173 करोड़ डॉलर का आयात शामिल है। इसके बाद फिनलैंड के साथ भारत ने 202 करोड़ डॉलर का कारोबार किया। नॉर्डिक देशों में शामिल डेनमार्क और नॉर्वे के साथ भी भारत के द्विपक्षीय कारोबार में खासी बढ़ोतरी हुई है। 2022-23 में डेनमार्क के साथ भारत का द्विपक्षीय कारोबार 168 करोड़ डॉलर व नॉर्वे के साथ 150 करोड़ डॉलर रहा है। वहीं, इस दौरान आइसलैंड के साथ 1.5 करोड़ डॉलर का द्विपक्षीय कारोबार हुआ है। बाल्टिक देशो में 47.2 करोड़ डॉलर के कारोबार के साथ लिथुआनिया सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बनकर उभरा है। इसमें से भारत ने 35.7 करोड़ डॉलर का निर्यात और 11.4 करोड़ डॉलर का आयात किया है। सीआईआई के मुताबिक 2018-19 की तुलना में 2022-23 में नॉर्डिक-बाल्टिक देशों को भारत के निर्यात में 10.16 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह 245 करोड़ डॉलर से बढ़कर इस अवधि में 360 करोड़ डॉलर हो गया है। वहीं, आयात में करीब 9.5 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 384 करोड़ डॉलर से बढ़कर 544 करोड़ डॉलर पहुंच गया है।

### आनंद महिंद्रा ने एलन मस्क से कहा- ऑटो प्लांट के शॉप फ्लोर से शुरू किया था करियर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने शुक्रवार को टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क को बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक ऑटो प्लांट के शॉप फ्लोर से की थी। मस्क ने पोस्ट किया कि गैराज में एक अकेले आविष्कारक के यूरेका क्षण के बारे में कई फिल्में मौजूद हैं लेकिन लगभग कोई भी मैन्यूफैक्चरिंग के बारे में नहीं है, इसे जनता द्वारा कम सराहा गया है। टेक अरबपति ने कहा, हाई वॉल्यूम सकारात्मक-मार्जिन उत्पादन तक पहुंचने के पागलपन के दर्द की तुलना में प्रोटोटाइप बहुत आसान है। महिंद्रा ने जवाब देते हुए कहा कि वह इससे वो सहमत नहीं हो हैं। उन्होंने पोस्ट कर कहा, मैंने अपना करियर एक ऑटो प्लांट के शॉप फ्लोर पर शुरू किया और ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन के लिए अथक प्रयास और बिना रुके काम करने को देख कर हमेशा से आश्चर्यचकित हुआ। महिंद्रा ने आगे कहा, निर्माण के नायक वास्तव में इस लायक हैं कि उनके बारे में फिल्में बनाई जाएं। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि हम अपनी कारों के निर्माण पर जो फिल्में बनाते हैं, उन्हें यूट्यूब पर बड़ी संख्या में दर्शक देखते हैं, इसलिए वहां निश्चित रूप से एक दर्शक है। एक फॉलोवर ने कहा, पॉप संस्कृति में विनिर्माण का प्रतिनिधित्व कम है और बताने के लिए सैकड़ों कहानियां हैं। 1945 में स्थापित, महिंद्रा समूह 100 से अधिक देशों में 260,000 कर्मचारियों के साथ सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है।

# साल की पहली तिमाही में सब अमीरों पर भारी पड़ा छुटकू

## एलन मस्क को सबसे ज्यादा नुकसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल की पहली तिमाही खत्म होने जा रही है। इस दौरान दुनिया के अमीरों की लिस्ट में काफी उथलपुथल देखने को मिली है। साल की शुरुआत में एलन मस्क दुनिया के सबसे बड़े रईस थे। फिर जेफ बेजोस ने यह कुर्सी हथिया ली। लेकिन वह भी ज्यादा दिन तक इस पर टिक नहीं पाए और आजकल फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट इस कुर्सी पर विराजमान हैं। वैसे इस साल सबसे ज्यादा कमाई की बात करें तो फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग ने सबको पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक पहली तिमाही में उनकी नेटवर्थ में 44.6 अरब डॉलर यानी 37,18,89,74,10,000 रुपये की तेजी आई है। वह 173 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। जकरबर्ग के नाम दुनिया में सबसे कम उम्र में बिलिनेयर बनने का रेकॉर्ड है। जकरबर्ग मात्र 23 साल की उम्र में ही बिलिनेयर बन गए थे। उन्होंने साल 2004 में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अपने कुछ दोस्तों के साथ फेसबुक की स्थापना की थी जो आज दुनिया की सबसे बड़ी सोशल नेटवर्क साइट है। 14 मई 1984 को जन्मे जकरबर्ग 2007 में मात्र 23 साल की उम्र में दुनिया में सबसे कम उम्र के बिलिनेयर बन गए थे। उन्होंने मई 2012 में फेसबुक को पब्लिक कराया। जकरबर्ग ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और अमीरों की लिस्ट में ऊपर चढ़ते गए। दुनिया के सबसे बड़े रईस अरनॉल्ट 48 साल की उम्र में बिलिनेयर बने थे। यानी जब वह इस मुकाम पर पहुंचे तो उनकी उम्र जकरबर्ग से दोगुनी से भी ज्यादा हो चुकी थी। अरनॉल्ट की नेटवर्थ में इस साल 23.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है और यह 231 अरब डॉलर पहुंच चुकी है।

### एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग दूसरे नंबर पर

इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग दूसरे नंबर पर हैं। कंपनी के शेयरों में आई तेजी के चलते उनकी नेटवर्थ में 35.6 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह 79.6 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में 19वें नंबर पर हैं। दुनिया के टॉप 10 अमीरों की बात करें तो इनमें से नौ की नेटवर्थ इस साल बढ़ी है। बेजोस की नेटवर्थ में इस साल 26.2 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह 203 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। बिल गेट्स की नेटवर्थ में 13.5 अरब डॉलर, वॉरेन बफे की 19.2 अरब डॉलर, लैरी एलिसन की 16 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन की 9.73 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसी तरह मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 17.1 अरब डॉलर और गौतम अडानी की नेटवर्थ में 14.7 अरब डॉलर की तेजी आई है। टॉप 10 रईसों में नेटवर्थ गंवाने वाले एकमात्र शख्स मस्क हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 40.1 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

## जेएसडब्ल्यू स्टील ने कर्नाटक संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल चालू की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को कर्नाटक के विजयनगर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल शुरू करने की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 50 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली मिल से स्टील उत्पादों की पहली खेप भेजी है। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) ने आज विजयनगर संयंत्र में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ अपनी हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) को चालू किया और पहली खेप भेजी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि यह संयंत्र 17 मार्च, 2024 को तैयार हुआ था और शुरुआती परीक्षण के बाद वाणिज्यिक विनिर्माण और बिक्री शुरू हो गई है।

## एचडीएफसी बैंक में एक अप्रैल को बाधित हो सकती है एनईएफटी सर्विस

### प्राइवेट बैंक ने अपने ग्राहकों को इस बारे में एक ईमेल भेजा है

#### फाइनेंशियल ईयर खत्म होने से जुड़े कामों के कारण सेवा में बाधा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े लेंडर एचडीएफसी बैंक के लिए जरूरी खबर है। बैंक का कहना है कि नए फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन यानी एक अप्रैल को उसकी एनईएफटी सर्विस बंद रह सकती है। बैंक ने इस बारे में ग्राहकों को जानकारी दी है। उसका कहना है कि फाइनेंशियल ईयर खत्म होने से जुड़ी प्रक्रियाओं के कारण एनईएफसी सर्विस में रुकावट आ सकती है। इसलिए ग्राहकों को सोमवार यानी एक अप्रैल को एनईएफटी के जरिए पैसा भेजने से बचना चाहिए। हालांकि कुछ चुनिंदा ग्राहकों के लिए एनईएफटी की सुविधा उपलब्ध रहेगी लेकिन इसमें भी देरी हो सकती है। अगर आपको एक अप्रैल को एनईएफटी ट्रांसफर के जरिए सैलरी या अन्य पेमेंट्स मिलती है तो इसमें देरी हो सकती है। बैंक का कहना है कि उसके कस्टमर एक अप्रैल को एनईएफटी के बजाय आईएमपीएस, आरटीजीएस और यूपीआई से पैसे का लेनदेन कर सकते हैं। ग्राहकों को भेजे एक ईमेल में बैंक ने कहा कि फाइनेंशियल ईयर के खत्म होने से जुड़ी प्रॉसीडर्स के कारण एक अप्रैल को एनईएफटी ट्रांजैक्शन में देरी हो सकती है या यह उपलब्ध नहीं रहेगी। बैंक ने साथ ही एक कस्टमर केयर नंबर भी साझा किया है। उसका कहना है कि किसी तरह की असुविधा होने पर ग्राहक 18001600 और 18002600 पर कस्टमर सपोर्ट टीम से संपर्क कर सकते हैं।

### क्या एक अप्रैल को खुले रहेंगे बैंक

अगर आप नए फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन बैंक जाने की तैयारी कर रहे हैं तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस दिन सारे बैंक खुले नहीं रहेंगे। आरबीआई की गाइडलाइन के मुताबिक ईयर अकाउंट्स क्लोजिंग के कारण कई राज्यों में एक अप्रैल को बंद रहेंगे। मिजोरम, चंडीगढ़, सिक्किम, बंगाल, हिमाचल प्रदेश और मेघालय को छोड़कर बाकी अधिकांश राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। इसलिए सोमवार को बैंक जाने से पहले बैंक होलिडेट की लिस्ट अच्छी तरह देख लें। साथ ही इस दिन आरबीआई में 2,000 रुपये के नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा भी नहीं मिलेगी। दो अप्रैल से यह सुविधा फिर चालू की जाएगी।

## NTA re-extended CUET UG 2024 application deadline till April 5

The National Testing Agency (NTA) today re-e&tended the registration deadline for the Common University Entrance Test (CUET UG) w®wy. Aspirants can fill in the online application form at the official website — e&ams.nta.ac.in/CUET-UG/. As per the revised date, students now have time till April z (~:z® pm) to apply for CUET UG w®wy.

This is the second time that the CUET UG application deadline has been e&tended. First, it was supposed to close on March w{, then e&tended from March w{ to March xv. After the application window closes, students will be given time to make corrections in their application forms. City slips will then be released before issuing the admit cards. CUET UG admit cards will be released in the second week of May w®wy. CUET UG w®wy applicants will be able to select four cities as their e&am centre choice. Aspirants had the option to select only two e&am centre city choices last year.

The CUET UG format has seen a change this year. As per the information provided by NTA, CUET UG w®wy will be conducted in a hybrid mode between May vz and xv in vx languages. However, like last year, CUET will be conducted in Assamese, Bengali, English, Gujarati, Hindi, Kannada, Malayalam, Marathi, Punjabi, Odia, Tamil, Telugu, and Urdu. Meanwhile, the University Grants Commission (UGC) has reached out to state boards to urge school students to apply for CUET UG w®wy.

# फ्लिपकार्ट की कंपनी क्लियरट्रिप से जुड़े क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी



**बेंगलुरु, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट को तो जानते ही होंगे। इसी की एक कंपनी है क्लियरट्रिप प्राइवेट लिमिटेड । यह भारत की तेजी से आगे बढ़ती हुई ऑनलाइन ट्रैवेल टेक्नोलॉजी कंपनी है। इसी क्लियरट्रिप ने क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी को अपना नया ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाया है।

कंपनी की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक यह गठबंधन क्लियरट्रिप के लिये एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी महेन्द्र सिंह धोनी के साथ मिलकर यात्रा के मामले में सही फैसले लेने की हिमायत कर रही है। ''क्लियरचॉइस'' के तहत, ब्राण्ड का मकसद यात्रियों को आसानी से फैसले लेने के लिये प्रेरित करना है। साथ ही लोगों को बिना किसी परेशानी के यात्रा का शानदार अनुभव प्रदान करना है। महेन्द्र सिंह धोनी को 'कैप्टन कूल' के नाम से भी जाना जाता है। उनके पास पारदर्शिता, आशावाद और स्पष्टता जैसे मूल्य हैं और इसलिये वह क्लियरट्रिप के स्वभाव के साथ बढ़िया तरीके से मेल खाते हैं। इस भागीदारी के माध्यम से क्लियरट्रिप महेन्द्र सिंह धोनी की दुनियाभर में उस धाक का फायदा उठाना चाहता है, जो पीढ़ियों और क्षेत्रों से इतर है। उल्लेखनीय है कि मीडिया में 42 वर्षीय धोनी की इस समय कुल संपत्ति 1040 करोड़ रुपये बताई जाती है।

### क्या कहना है धोनी का

क्लियरट्रिप के ब्राण्ड एम्बेसेडर महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा, ''मैंने अपने पूरे करियर में विभिन्न महाद्वीपों की यात्रा की है और मैं सही मायने में एक ग्लोबट्रोटर रहा हूं। इस तरह मुझे सफर के लिये अपने प्यार का पता चला। कई साल बाद ऐसी स्थिति हो गई कि मुझे सफर करने का इंतजार होने लगा। और क्लियरट्रिप के साथ भागीदारी करने से ज्यादा रोमांचक मेरे लिये क्या हो सकता था, क्योंकि यह ब्राण्ड सफर का आईना है। यह सफर को मजेदार, यादगार और मायने रखने वाला बनाता है। मैं अपने करियर में रोजाना कड़े फैसले करता हूं, लेकिन क्लियरट्रिप के साथ फैसले करना आसान और स्पष्ट होता है। पारदर्शिता के लिये उनकी प्रतिबद्धता फैसलों को आसान बनाती है और सभी को आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों की यात्रा करने देती है।''

### अपने मूल्यों के कारण जाने जाते हैं धोनी

इस गठबंधन पर बात करते हुए, क्लियरट्रिप के सीईओ अय्यप्पन आर. ने कहा, ''हम क्लियरट्रिप परिवार में महेन्द्र सिंह धोनी का स्वागत करके उत्साहित हैं। वह एक श्रेष्ठ खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया है। वह अपने मूल्यों के कारण जाने जाते हैं और उन्हें अक्सर भरोसे और नेतृत्व की बेहतरीन कुशलताओं से जोड़कर देखा जाता है। उनके साथ अपनी भागीदारी के माध्यम से हम उम्मीद करते हैं कि लोग सफर के लिये अबाध तरीके से सही फैसले करने में सशक्त होंगे। हमारा पैमाना बढ़ रहा है और हमें हर किसी के लिये यात्रा को साकार होने योग्य आकांक्षा बनाने की आशा है। कौन कहां से आता है, इससे कोई मतलब नहीं है। महेन्द्र सिंह धोनी को साथ लेकर हमारा लक्ष्य है एक बड़ी आबादी को आत्मविश्वास के साथ बाहर निकलने और दुनिया घूमने के लिये प्रोत्साहित करना।

# चिप के चक्कर में बर्बाद हो जाएगा भारत: रघुराम राजन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सेमीकंडक्टर चिप्स की मैन्यूफैक्चरिंग में बड़ा दांव खेलने जा रहा है। देश में चार सेमीकंडक्टर यूनिट बनाने का काम शुरू हो चुका है। इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव का दावा है कि अगले पांच साल में भारत सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाले दुनिया के टॉप 5 देशों की लिस्ट में शामिल होगा। लेकिन आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का कहना है कि भारत को सेमीकंडक्टर चिप बनाने की रेस में शामिल नहीं होना चाहिए। ऐसा करके वह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए सेमीकंडक्टर चिप बनाने से भी जरूरी कई काम हैं। उसके इस हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट पर फोकस करने के बजाय अपने एजुकेशन सिस्टम को दुरुस्त करना चाहिए।

फाइनेंस के प्रोफेसर रघुराम राजन ने एक नोट में कहा कि भारत सरकार हायर एजुकेशन के सालाना बजट से ज्यादा पैसा चिप मैन्यूफैक्चरिंग के लिए सब्सिडी के रूप में दे रही है। यह अच्छी बात नहीं है। निश्चित रूप से यह विकसित देश बनने का रास्ता नहीं है। मोदी सरकार की नीतियों के धुर विरोधी रहे राजन ने साफ किया कि उनकी बात का यह मतलब नहीं है कि भारत को कभी भी सेमीकंडक्टर चिप नहीं बनाना चाहिए। लेकिन आज हर देश यही कर रहा है। इस रेस में पड़ने का मतलब खुद को बर्बाद करना है। भारत ने पिछले महीने तीन सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दी थी। इन पर कुल 1.26 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा जिसमें सरकार की तरफ से 48,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी।

### चिप से ज्यादा जरूरी काम

राजन ने अपने नोट में कहा कि वास्तव में चिप सब्सिडी कैपिटल सब्सिडी है। इसका मतलब यह है कि इसका फ्रंट से भुगतान किया जाएगा, यह प्रॉडक्शन पर आधारित नहीं है। सरकार दावा कर रही है कि जल्दी ही चिप्स का प्रॉडक्शन शुरू हो जाएगा। अगर यह दावा सही है तो कैपिटल सब्सिडी जल्दी हो देनी होगी। लेकिन कोई नौसिखिया ही इस पर यकीन करेगा कि सब्सिडी यहीं खत्म हो जाएगी। अगर सब सही रहा तो हमें 28 एनएम चिप्स मिलेगी। आज मॉडर्न सेल फोन पर तीन एनएम की चिप लगती है। अगर हमें फ्रंटियर में ग्लोबल चिप मैन्यूफैक्चरर बनना है तो हमें उस स्तर तक पहुंचने के लिए कुछ फैक्ट्रीज को सब्सिडी देनी होगी। इसकी वजह यह है कि आधुनिक चिप बनाने में ज्यादा मॉडर्न मैन्यूफैक्चरिंग टैक्नोलॉजी यूज होती है जो ज्यादा महंगी होगी। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि भारत के लिए चिप मैन्यूफैक्चरिंग से भी जरूरी कई काम हैं। जैसे कॉलेजों में स्पेक्ट्रोमीटर लगाना ताकि साइंस के बेहतर छात्र पैदा कर सके। यह साफ नहीं है कि सरकार कैसे तय करती है कि किस इंडस्ट्री, सेक्यर या कंपनी को सब्सिडी चाहिए। चिप मैन्यूफैक्चरिंग में ज्यादा लेबर की जरूरत नहीं है जबकि इस समय रोजगार हमारी सबसे बड़ी चुनौती हैं। राजन ने कहा कि यह कहना गलत है कि भारत को चिप सेगमेंट में भागीदारी के लिए पूरी सप्लाई चेन की जरूरत है। आईटी मिनिस्टर ने खुद यह बात स्वीकार की है कि भारत के पास 300,000 चिप डिजाइनर हैं जबकि भारत चिप नहीं बना रहा है। एनवीडिया और क्वालकॉम चिप नहीं बनाते हैं और न ही एप्पल ऐसा करती है। वे इसका डिजाइन बनाती हैं और इन्हें ताइवान में बनाया जाता है। हॉलैंड की कंपनी एएसएमएल चिप बनाने वाली मशीन बनाती है। इसलिए मुझे लगता है कि चिप सब्सिडी की नीति बनाने में सरकार ने ज्यादा सोचविचार नहीं किया।

# 150 पर जा सकता है एसजेवीएन का शेयर, लगातार कर रहा मालामाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते कारोबारी दिन बाजार में तेजी के बीच एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी-एसजेवीएन लिमिटेड के शेयर सुस्त नजर आए। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी गुरुवार को एसजेवीएन लिमिटेड के शेयर 121.40 रुपये पर बंद हुए। एक दिन पहले की क्लोजिंग के मुकाबले शेयर में 1.18 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बता दें कि शुक्रवार को गुड फ्राइडे की वजह से शेयर बाजार बंद रहे। वहीं, शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बाजाद बंद हैं।

### एक्सपर्ट हैं बुलिश

भले ही एसजेवीएन लिमिटेड के शेयर में सुस्ती हो लेकिन इसको लेकर एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक शेयर की कीमत 150 रुपये तक जा सकती है। यह 20 फीसदी से ज्यादा के रिटर्न को दिखाता है। इस शेयर के लिए स्टॉप लॉस 117 रुपये है। एक्सपर्ट ने तीन महीने की अवधि के इस शेयर का टारगेट प्राइस तय किया है।

एसजेवीएन लिमिटेड का लक्ष्य अगले दो वित्तीय वर्षों में राजस्व में 4000 करोड़ जोड़ने का है। इस प्लान के बारे में कंपनी के एमडी और चेयरमैन गीता कपूर ने बताया है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025 में कंपनी का लक्ष्य राजस्व में 2700 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2026 में राजस्व में 1000 करोड़ से 1500 करोड़ जोड़ना है। वित्तीय वर्ष 2023 में एसजेवीएन ने परिचालन से 2938 करोड़ का राजस्व दर्ज किया था। एसजेवीएन की अगले दो वर्षों में 1176 मेगावाट क्षमता जोड़ने की भी योजना है। वर्तमान में एसजेवीएन ने 1972 मेगावाट की जल विद्युत क्षमता स्थापित की है और रिन्यूएबल एनर्जी 404 मेगावाट है।



धतूरा कम उपजाऊ जमीन में उगाया जा सकता है परंतु दोमट मिट्टी अच्छी होती है. खुली धूप धतूरा को बहुत प्रिय है. खेत को दो बार जुताई, कल्टीवेटर व हैरो द्वारा खेत तैयार करें. तैयारी के समय कम्पोस्ट लगभग 8 टन प्रति हेक्टर खेत में मिलाएं. पौध बनाने के लिये 15-20 सेंटीमीटर ऊंची, 13 2 मीटर की क्यारियाँ बनाएं. लगभग 2-3 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टर आवश्यकता होती है. एक हेक्टर के पौध के लिये इन्ही बिटिंग फैक्टर की वजह से अंकुरण कम होता है. अंकुरण ठीक करने के लिए दो तरीके हैं.



# सुन्न करने के लिए धतूरा

## अन्य नाम

हिन्दी - धतूरा व काला धतूरा

अंग्रेजी- योर्न एपिल, जिमसन वीड, स्टिंक वीड व स्ट्रामोनियम

संस्कृत- धतूरा, धुस्तूरा, उन्मत्ता, शिव प्रिया व कनका,

बंगाली, मराठी और गुजराती-धतूरा

कन्नड़ा-उन्मत्ती व उन्मत्ता

तमिल व मलयालम-उन्मत्ता

वैज्ञानिक नाम - 1. दटूरा स्ट्रामोनियम लिनवदतूरा टटूला लिन 2. फेमिली-सोलानेसी

## कहां से आया

धतूरा (दटूरा स्ट्रामोनियम) की उत्पात्ति दक्षिणी अमरीका में हुआ. इसका विस्तार अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मेक्सिको, अमरीका के अन्य भाग तथा भारत व चीन में है. भारत में धतूरा पंजाब,हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु में अक्सर पाया जाता है.

## धतूरा के खेती की अच्छी विधियां

धतूरा कम उपजाऊ जमीन में उगाया जा सकता है परंतु दोमट मिट्टी अच्छी होती है. खुली धूप धतूरा को बहुत प्रिय है. खेत को दो बार जुताई, कल्टीवेटर व हैरो द्वारा खेत तैयार करें. तैयारी के समय कम्पोस्ट लगभग 8 टन प्रति हेक्टर खेत में मिलाएं. पौध बनाने के लिये 15-20 सेंटीमीटर ऊंची, 13 2 मीटर की क्यारियाँ बनाएं. लगभग 2-3 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टर आवश्यकता होती है. एक हेक्टर के पौध के लिये इन्ही बिटिंग फैक्टर की वजह से अंकुरण कम होता है. अंकुरण ठीक करने के लिए दो तरीके हैं. पहला, शून्य डिग्री और साधारण ताप से बीज को उपचारित करने से बीज कवच मुलायम हो जाता है. दूसरा तरीका यह है कि एक रात्रि भर बीज को भिगोकर तब बुआई की जाए. इन विधियों से अंकुरण में सुधार होता है. लगभग 15-20 दिनों में अंकुरण हो जाता है. रोज हल्की सिंचाई करें. निकाई भी करते रहें. लगभग 20 सेन्टीमीटर ऊंची हो जाने पर पौध को 80-90 3 80-90 सेंटीमीटर की दूरी पर रोप कर हल्की सिंचाई करें. शुरू में रोज तथा एक सप्ताह बाद सिंचाई में अंतर बढ़ा दें. खेत को खरपतवार से साफ रखें. कीड़ों व रोगों से पौधों की रक्षा करें.



रसायनिक खाद व रसायनिक औषधियों का उपयोग कम से कम करें. हरी खाद का इस्तेमाल अच्छा होता है. पौध ना बनाकर खेत में धतूरा के बीजों को सीधे बोकर भी अच्छी कृषि की जा सकती है. इस विधि से बीज अधिक लगता है (7-8 किलोग्राम प्रति हेक्टर). लगभग 21-22 दिनों बाद खेत में से फालतू पौधे उखाड़ कर पौध से पौध की दूरी 80-90 सेंटीमीटर कर दें. पंक्तियों के बीच की दूरी भी 80-90 सेन्टीमीटर होना चाहिए.खरपतवार की देखभाल, सिंचाई, खाद, पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा आदि का ध्यान रखें.

## पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा

- थ्रिप्स कीड़ा मोज़ेक बीमारी फैलाता है.अतः थ्रिप्स की रोकथाम हेतु मेटासिस्टाक्स (1.5%) का स्प्रे करें.
- विल्टिंग रोग स्कलोरटियम रोल्फसाई से होता है. रोकथाम हेतु फसलचक्र अपनायें. खेत साफ रखें.
- रूट रॉट रोग कार्टीसियम सोलानी से होता है. रोकथाम हेतु नर्सरी को 0.3% कोपर फंजीसाइड से ड्रेचिंग करें.

## फसल की कटाई

- पौध लगने के 6-7 माह बाद धतूरा के फसल की कटाई की जाती है. पूरा पौधा काट लिया जाता है. फल हरे होते हैं किंतु परिपक्व रहते हैं. अतः उन्हें सुखाया जाता है. धूप में और छाया में. पत्तियों को अलग सुखाया जाता है. फलों को, फटने पर झाड़ कर बीजों को अलग कर लिया जाता है.

## उपज

औसत उपज बीजों की लगभग 8 क्विंटल तथा पत्ती की उपज 11-17 क्विन्टल प्रति हेक्टर होती है.

# हर मिट्टी में उपजे अलसी

## भूमि का चुनाव

काली भारी एवं दोमट (मटियार) मिट्टियाँ उपयुक्त होती हैं। अधिक उपजाऊ मिट्टी की अपेक्षा मध्यम उपजाऊ मिट्टी उपयुक्त हैं। भूमि में उचित जल निकास का प्रबंध होना चाहिए। उचित जल एवं उर्वरक व्यवस्था करने पर किसी भी प्रकार की मिट्टी में अलसी की खेती सफलतापूर्वक की जा सकती है।

## भूमि की तैयारी

अलसी का अच्छा अंकरण प्राप्त करने के लिये खेत के भुरभुरा एवं खरपतवार रहित होना चाहिए। अतः खेती को 2-3 बार हैरो द्वारा करना चाहिए। प्रत्येक जुताई के बाद पाटा लगाना आवश्यक है जिससे नमी संरक्षित रह सके अलसी का दाना छोटा एवं महीन होता है, अतः अच्छे अंकुरण हेतु खेत का भुरभुरा होना अति आवश्यक है।

## बोनी का समय एवं विधि

अक्टूबर माह में कतारों के बीच कतारों की दूरी 30 सेमी, नवम्बर में बुवाई करने पर कतारों की दूरी 20 सेमी, गहराई 5 से 6 सेमी रखें। धान के खेत में जब फसल कट जाये तब पानी निकालकर छिटककर बुवाई करें। अलसी की खेती वर्षा आधारित क्षेत्रों में खरीफ पड़त के बाद नवम्बर में शुद्ध फसल के रूप में की जाती है।

## मिश्रित खेती

पारम्परिक रूप में अलसी की खेती वर्षा आधारित क्षेत्र में एकल फसल के रूप में की जाती हैं अनुसंधानों के परीक्षण से ज्ञात हुआ है कि अलसी की चना+अलसी (3:1) सहफसल के रूप में ली जा सकती है। अलसी की सहफसल खेती मसूर व सरसों के साथ भी की जा सकती हैं।

## उतेरा खेती

अलसी की उतेरा पद्धति धान उगाये जाने वाले क्षेत्रों में प्रचलित है। धान से खेती में नमी का सदुपयोग करने हेतु धान के खेत में अलसी बोई जाती हैं। धान की खड़ी फसल में अलसी के बीज को छिटक दिया जाता है। फलस्वरूप धान की कटाई पूर्व ही अलसी का अंकुरण हो जाता हैं।

### जातियाँ एवं बीज की मात्रा

जे.एल.टी. 26, किरण, जवाहर-23, जवाहर 592, जे.एल. एस.9, जवाहर 17 इत्यादि।

### बीज की मात्रा

30 किलो ग्राम बीज प्रति हेक्टेयर।

### बीजोपचार

एक ग्राम बाविस्टीन या टोपसिन एम अथवा थीरम 2.5 ग्राम दवा/कि.ग्रा. बीज के हिसाब से बुआई पूर्व बीजोपचार अवश्य करें। सिंचित अवस्था में यूरिया 74 किलो, सिंगल सुपर फास्फेट 150 किलो तथा म्यूरेट ऑफ पोटाश 33 किलो/हे.।

### सल्फर (गंधक)

अलसी एक तिलहनी फसल है और तिलहन फसलों से अधिक उत्पादन लेने हेतु सल्फर प्रदान करना भी अनुशंसित किया गया हैं। अतः अलसी का उच्च उत्पादन प्राप्त करने हेतु 5 कि.ग्रा./हे. सल्फर भी देना चाहिए। सल्फर की पूरी मात्रा बीज बोने के पहले देना चाहिए।

### जैव उर्वरक

आधुनिक कृषि में जैव उर्वरकों का प्रचलन बढ़ रहा है। अलसी में भी एजेटोबैक्टर/ एजोस्पिरलम और स्फुर घोलक जीवाणु आदि जैव उर्वरक उपयोग किये जा सकते हैं। उक्त जैव उर्वरक बीज उपचार द्वारा 10 ग्राम जैव उर्वरक प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से दिये जा सकते हैं।

### सिंचाई प्रबंधन

असिंचित अवस्था की तुलना में 1 या 2 सिंचाई देने पर उपज 2 से 2.5 गुना बढ़ाई जा सकती है सिंचाई उपलब्ध होने पर प्रथम सिंचाई बोने के 35-40 दिन बाद तथा 60-65 दिन बाद दूसरी सिंचाई करना चाहिए परीक्षण से यह सिद्ध हुआ कि अलसी की दो सिंचाई शाखा अवस्था एवं फली बनने की अवस्था पर देने पर सर्वाधिक उपज प्राप्त होती है।

### खरपतवार नियंत्रण

अलसी बुवाई के 25 दिन तक खेत को खरपतवार रहित रखना चाहिए। फसल को खरपतवार रहित रखने हेतु बोने के 20 दिन बाद पहली निंदाई हाथ अथवा खुरपी द्वारा करना चाहिए। रासायनिक खरपतवार नियंत्रण हेतु पेंडीमिथालिन की 1 कि.ग्रा. अथवा आइसो प्रोट्यूरान की 0.75 कि.ग्रा./हे. मात्रा 500 लीटर पानी में घोलकर अंकुरण के पूर्व खेत में छिड़काव करना चाहिए।

# ट्रैक्टर दुर्घटनाओं से बचाव

# सावधानी व सुझाव



**इन दुर्घटनाओं में 30.5 प्रतिशत कृषि मशीनों, 34.2 प्रतिशत हाथ द्वारा प्रयोग की जाने वाली मशीनों तथा 35.3 प्रतिशत अन्य जैसे सांप काटने, कुएं में गिरने, किसी जानवर के काटने इत्यादि कारणों से होती है। इस सर्वेक्षण के अनुसार ट्रैक्टर या ट्रैक्टर चालित मशीनों से 32 प्रतिशत, थ्रेशर से 14 प्रतिशत जानवरों द्वारा चालित मशीनों से 22 प्रतिशत बिजली या पम्पसेट से 12 प्रतिशत, चारा मशीन से 6 प्रतिशत, स्प्रेयर से 4 प्रतिशत तथा अन्य कारणों से 2 प्रतिशत दुर्घटनायें होती हैं।**



इस सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कृषि दुर्घटनाओं से लगभग 1200 करोड़ प्रति वर्ष देश को आर्थिक क्षति होती है। इन दुर्घटनाओं में 30.5 प्रतिशत कृषि मशीनों, 34.2 प्रतिशत हाथ द्वारा प्रयोग की जाने वाली मशीनों तथा 35.3 प्रतिशत अन्य जैसे सांप काटने, कुएं में गिरने, किसी जानवर के काटने इत्यादि कारणों से होती है। इस सर्वेक्षण के अनुसार ट्रैक्टर या ट्रैक्टर चालित मशीनों से 32 प्रतिशत, थ्रेशर से 14 प्रतिशत जानवरों द्वारा चालित मशीनों से 22 प्रतिशत बिजली या पम्पसेट से 12 प्रतिशत, चारा मशीन से 6 प्रतिशत, स्प्रेयर से 4 प्रतिशत तथा अन्य कारणों से 2 प्रतिशत दुर्घटनायें होती हैं।

ट्रैक्टर का निर्माण मूलतः कृषि कार्यों को करने के लिए किया गया है। इसके उपयोग से दुर्गम परिस्थितियों में भी अधिक कुशलता के साथ कार्य कर सकते हैं। ट्रैक्टर का उपयोग जुताई-बुवाई के साथ अन्य कार्यों जैसे कटाई, गहाई एवं ट्राली के साथ परिवहन आदि के लिये भी किया जाता है। अधिकतर दुर्घटनाएं ट्रैक्टर के पहिये के शरीर पर चढ़ने से होती है जिसका मुख्य कारण चालक की लापरवाही होती है, साथ ही क्लच या ब्रेक फेल होना अथवा स्टीयरिंग का अनियंत्रित होना भी दुर्घटना का कारण हो सकता है।

## ट्रैक्टर दुर्घटना से बचने की सावधानियां-

- ट्रैक्टर का उचित रखरखाव रखें, जिससे ब्रेक, क्लच, स्टीयरिंग फेल होने अथवा अगले पहिये का एक्सल टूटने आदि के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।
- ट्रैक्टर के साथ कंपनी द्वारा दिये गए सूचना पत्रों के अनुसार नियमित रखरखाव समय-समय पर किया जाना चाहिए।
- ट्रैक्टर की बैटरी एवं सेल्फ स्टार्टर सही रखें जिससे ट्रैक्टर को ढलान पर खड़ा करके या धक्का देकर स्टार्ट न करना पड़े। इससे भी दुर्घटना होने की संभावना होती है।
- ट्रैक्टर में मशीनों को जोड़ते समय पहले बाएं ओर की लिंक (स्थिर ऊंचाई वाली) को जोड़ें, इसके बाद दाएं ओर की लिंक (परिवर्तन ऊंचाई) को ऊपर नीचे समायोजित करके मशील से जोड़ें। अंत में ऊपर वाली लिंक को आवश्यकतानुसार समायोजित करके जोड़ें।
- ट्रैक्टर को ट्राली से जोड़ते समय पहले ट्राली को स्टेंड पर खड़ा करें तथा ट्राली के पहिए के आगे पीछे कुछ टेक लगा दें, जिससे जोड़ते समय ट्राली आगे या पीछे न जाए। स्टेंड की ऊंचाई को स्क्रू जैक से समायोजित कर पिन लगा दें। अगर ट्राली में स्टेंड नहीं लगा है तो उसमें स्टैंड लगवा दें।
- ट्राली एवं ट्रैक्टर का समतल जगह पर ही खड़ा करें जिससे आसानी से समायोजित कर के जोड़ सकें।
- ट्रैक्टर पर चालक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को न बैठने दें। चलते ट्रैक्टर पर कोई चढ़ने या उतरने की कोशिश न करे।
- ट्रैक्टर से जुताई करते समय या ट्राली पर माल ढोते समय तेज गति से न मोड़ें इससे मशीन का भार का तरफ शिफ्ट होने से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो सकता है तथा अचानक ब्रेक का प्रयोग या अचानक आगे न बढ़ाएं इससे ट्रैक्टर के पलटने की संभावना होती है।
- ढलान या चढ़ान पर कभी क्लच न दबाएं हमेशा लो-गियर का ही प्रयोग करें तथा खेतों में या मार्ग पर चलते समय गति अनियंत्रित न होने पायें।
- खेतों में ट्रैक्टर चलाते समय डिफरेंशियल लॉक जरुर से लगा लें तथा रास्ते पर चलते समय डिफरेंशियल लॉक को खोल लें तथा ब्रेक पेडल को लॉक कर लें। क्योंकि गति अधिक होने पर मोड़ पर ट्रैक्टर पलटने की संभावना होती है।
- ट्रैक्टर चालक दो पहिये वाली ट्राली चलाते समय अचानक साइड न दें। अचानक साइड देने से ट्राली का पिछला हिस्सा एक से दो फीट दूसरी तरफ भागता है जिससे पीछे वाली गाड़ी टकराने की संभावना रहती है।
- ट्रैक्टर की टंकी के पास डीजल के लिए कभी भूल से भी माचिस या ज्वलनशील सामग्री का प्रयोग न करें इससे आग लगने की संभावना होती है।
- लगातार कार्य करने से थकावट के कारण नींद आने से भी कई दुर्घनाएं हो जाती हैं।
- अधिकतर ट्रैक्टर चालक कोई प्रशिक्षण नहीं लेते हैं। तथा कई चालकों के पास तो लाइसेंस भी नहीं होता है। अतः ग्राम पंचायत या ब्लाक स्तर पर कोई ठोस कदम उठाना चाहिए।
- केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल अथवा केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण व परीक्षण संस्थान, बुधनी द्वारा ट्रैक्टर चलाने का प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाता है। अतः ज्यादा से ज्यादा युवक इन प्रशिक्षणों में शामिल होकर कृषि दुर्घटनाओं को कम करने से महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

156 किमी/घंटा...रफ्तार का नया सौदागर

# मयंक की स्पीड ने बनाया IPL इतिहास का एक और बड़ा रिकॉर्ड



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास का सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड शॉन टैट के नाम हैं, जिन्होंने 157.71 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बॉल फेंकी थी. इस लिस्ट में उमरान मलिक भारतीयों में नंबर वन पर हैं, जिनके नाम आईपीएल में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है. लेकिन अब उमरान के बाद भारत को एक और तेज गेंदबाज मिल गया है, जिसने अपनी रफ्तार से सबको चौंका दिया है. उस गेंदबाज का नाम मयंक यादव है. मयंक के नाम अब आईपीएल इतिहास का पांचवीं सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है. मयंक ने शनिवार को आईपीएल में डेब्यू करते हुए यह रिकॉर्ड बनाया. लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलने उतरे इस तेज गेंदबाज की स्पीड को देखकर बड़े-बड़े दिग्गजों के पसीने छूट गए. उमरान मलिक के बाद मयंक अब आईपीएल इतिहास के केवल दूसरे ऐसे भारतीय तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने 155+ गेंदबाजी की है.

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में मयंक ने चार ओवर के अपने स्पेल में 9 गेंदें 150 किमी प्रति घंटे या उससे तेज रफ्तार से फेंकी. उनके स्पेल की सबसे धीमी गेंद 141 किमी प्रति घंटे की थी. पंजाब की बल्लेबाजी के दौरान 10वें ओवर में अपनी गेंदबाजी की शुरुआत करने आए मयंक ने अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद 147 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी. उन्होंने फिर इसी ओवर में अपनी बॉलिंग स्पीड को 150 के पार भी पहुंचा दिया.



# धवन IPL में छक्का लगाने के मामले में युवराज से आगे निकले

गेल, सहवाग और कोहली के इस रिकॉर्ड की बराबरी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी टीम के लिए कप्तानी पारी खेली। धवन ने इस मैच में 70 रन बनाए और इस दौरान उन्होंने 3 छक्के और 7 चौके भी लगाए। इन 3 छक्कों की मदद से धवन आईपीएल में छक्के लगाने के मामले में युवराज सिंह से आगे निकल गए और इस लीग में 150 छक्के लगाने वाले 17वें बल्लेबाज बन गए। इस मैच में धवन की कप्तानी में पंजाब की टीम को 21 रन से हार का सामना करना पड़ा।

## धवन ने युवराज सिंह को पीछे छोड़ा

शिखर धवन ने इस मैच में लखनऊ के खिलाफ 30 गेंदों पर 3 छक्के और 5 चौकों की मदद से पहले अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने 50 गेंदों पर 3 छक्के और 7 चौकों की मदद से 70 रन की पारी खेली और आउट हो गए। इन तीन छक्कों की मदद से वह आईपीएल में युवराज सिंह से छक्के लगाने के मामले में आगे निकल गए। युवराज सिंह ने आईपीएल में 149 छक्के लगाए थे, लेकिन धवन ने 3 छक्कों की मदद से आईपीएल में अपने छक्कों की संख्या 152 कर लिया है। वह इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी 17वें नंबर पर आ गए हैं।

## धवन ने कोहली की कर ली बराबरी

आईपीएल में चेज करते हुए बतौर भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने 23वीं बार 50 प्लस की पारी खेली और विराट कोहली की बराबरी पर आ गए। कोहली ने भी इस लीग में चेज करते हुए 23 बार 50 प्लस की पारी खेली है। अब दोनों इस लीग में चेज करते हुए भारतीय बल्लेबाज के रूप में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस की पारी खेलने के मामले में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर आ गए हैं जबकि केएल राहुल दूसरे और गौतम गंभीर तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।

## आईपीएल में चेज करते हुए सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

23 बार – शिखर धवन
23 बार – विराट कोहली
21 बार– केएल राहुल
20 बार – गौतम गंभीर

## धवन ने की कोहली, गेल, केएल राहुल और सहवाग की बराबरी

आईपीएल में यह 7वां मौका था जब धवन सेवेनटीज पर आउट हो गए। इससे पहले विराट कोहली, क्रिस गेल, केएल राहुल और वीरेंद्र सहवाग भी 7-7 बार सेवेनटीज पर आउट हो चुके हैं। अब धवन भी इन दिग्गजों की इस खास लिस्ट में शामिल हो चुके हैं।

## आईपीएल में सबसे ज्यादा बार सेवेनटीज पर आउट होने वाले बल्लेबाज

7 बार – शिखर धवन
7 बार – विराट कोहली
7 बार – क्रिस गेल
7 बार– केएल राहुल
7 बार – वीरेंद्र सहवाग

# बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने फिर रचा इतिहास, रैंकिंग में भी शीर्ष पर लौटे




**मेलबर्न, एजेंसी।** इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे 44 वर्षीय बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी फाइनल में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से एक सेट से पिछड़ गई थी, लेकिन इस जोड़ी ने शानदार वापसी की और हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 6-7(3), 6-3, 10-6 से जीत दर्ज की। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष डबल्स वर्ग का खिताब जीत लिया। इस जोड़ी ने इस साल दूसरी बार इतिहास रचा और बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतने वाली सबसे उम्रदराज जोड़ी बन गई। इससे पहले वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी इन दोनों की जोड़ी विजेता बनी थी। वह ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे।

## एक सेट से पिछड़कर की वापसी

इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे 44 वर्षीय बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी फाइनल में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से एक सेट से पिछड़ गई थी, लेकिन इस जोड़ी ने शानदार वापसी की और हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 6-7(3), 6-3, 10-6 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही बोपन्ना ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा और वह सबसे अधिक उम्र में एटीपी खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बने।

इससे पहले उन्होंने पिछले साल इंडियन वेल्स में 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था।

## रैंकिंग में शीर्ष पर की वापसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए थे। हालांकि दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल और इंडियन वेल्स के राउंड-32 में हारने के बाद यह जोड़ी दूसरे नंबर पर खिसक गई थी, लेकिन मियामी ओपन में खिताब जीतने के बाद यह जोड़ी सोमवार को जारी होने वाली एटीपी की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी कर लेगी।

## बोपन्ना के नाम है कई उपलब्धियां

भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में शामिल बोपन्ना के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हैं। बोपन्ना के करियर का यह 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था, जबकि वह पहली बार मियामी ओपन के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे। ओवरऑल यह उनका 63वां टूर स्तर का फाइनल था। बोपन्ना के करियर का यह 26वां डबल्स खिताब है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का यह पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। बोपन्ना के नाम एक खास उपलब्धि भी जुड़ गई थी वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे।

# रसेल बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक हैं: वेंकी अय्यर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के आंद्रे रसेल की जमकर तारीफ की और उन्हें दुनिया के बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक बताया।

शुक्रवार रात चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रसेल ने दो विकेट लिए - कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार - और अपनी टीम के लिए डेथ ओवरों में गेंदबाजी की। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अय्यर ने कहा कि अगर रसेल ने शुक्रवार को बल्लेबाजी की होती, तो उन्होंने कुछ रन भी बनाए होते। जैसा कि आप मैदान पर देख सकते हैं, उसने



अपने चार ओवर फेंके और फिर महत्वपूर्ण स्थान पर फील्डिंग भी की। वह पूरे मैच के दौरान लंबे समय से दौड़ रहा था। मुझे यकीन है कि अगर उसे वहां हिट मिलती, तो वह रन बनाता।

यह उस लड़के की फिटनेस और उसके करियर की लंबी उम्र के बारे में बताता है। वह हमेशा फिट रहता है, हमारे अधिकांश गेंदबाज ज्यादातर समय काम करते हैं, लेकिन आज, जब श्रेयस ने देखा कि गेंद ज्यादा घूम नहीं रही है, उन्होंने अपना पूरा कोटा डालने के लिए आंद्रे की ओर रुख किया और उन्होंने गेंद फेंकी। और यही कारण है कि वह बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक है। जब भी टीम को उससे किसी चीज की जरूरत होती है, वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करता है। केकेआर का अगला मुकाबला 3 अप्रैल को विजाग में दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

# केएल राहुल की फ्लॉप बल्लेबाजी पर भड़के फैंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल अपनी फ्लॉप बल्लेबाजी की वजह से एक बार फिर फैंस के निशाने पर आ गए हैं. पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को खेले गए आईपीएल मैच में केएल राहुल 9 गेंद में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए. केएल राहुल के बल्ले से इस दौरान एक छक्का और एक चौका निकला था. बता दें कि केएल राहुल बीती रात पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे.



लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन को कार्यवाहक कप्तान के तौर पर उतारा था. वहीं, केएल राहुल को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था. दरअसल, लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम चोट के बाद लौटे केएल राहुल पर ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहती. लंबे टूर्नामेंट को देखते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम केएल राहुल को ज्यादा से ज्यादा आराम देना चाहती है.

केएल राहुल शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाए. केएल राहुल ने एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी से फैंस को निराश किया है. केएल राहुल को पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपना शिकार बनाया.




# हैदराबाद ने गुजरात को दिया 163 रन का टारगेट

अभिषेक शर्मा और अब्दुल समद ने 29-29 रन बनाए, मोहित शर्मा को तीन विकेट

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 12वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 163 रन का टारगेट दिया गया था। टीम ने अहमदाबाद में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 163 रन बनाए। अभिषेक शर्मा और अब्दुल समद ने 29-29 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 24 रन का योगदान दिया। मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके। अजमतुल्लाह ओमरजई, उमेश यादव, राशिद खान और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिला।

# जापानी गुड़िया की तरह तैयार हुई प्रीति

मशहूर एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने शनिवार को अपने नए फोटोशूट की एक झलक साझा की। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की। फोटो में वह फ्लोरल ग्रीन कलर ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने बालों का जूड़ा बनाया हुआ है और मैचिंग स्कार्फ लगाया हुआ है। प्रीति ने अपने लुक को ब्लैक बेल्ट से पूरा किया। इस आउटफिट के साथ उन्होंने मेकअप के लिए ब्लैक आईलाइनर और रेड लिपस्टिक को चुना। फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, स्ट्राइक ए पोज, साथ ही रेड हार्ट वाला इमोजी भी शेयर किया। फैंस ने कमेंट सेक्शन में लिखा, बवाल। एक अन्य फैन ने लिखा, पंजाबी कुड़ी जापानी गुड़िया की तरह लग रही है। प्रीति को अब से पहले 2018 की फिल्म भैयाजी सुपरहिट में देखा गया था, जो सनी देओल, अरशद वारसी, अमीषा पटेल और श्रेयस तलपड़े अभिनीत एक एक्शन कॉमेडी फिल्म थी।



# जल्द घोड़ी चढ़ेंगे विजय



विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म फैमिली स्टार को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान विजय ने अपनी शादी की योजना पर बात की। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना काफी वक्त से अपने कथित अफेयर को लेकर चर्चा में हैं। अक्सर दोनों की शादी को लेकर कयास लगाए जाते हैं। रश्मिका के साथ अपने अफेयर की खबरों के बीच हाल ही में विजय देवरकोंडा ने अपनी शादी की योजना का खुलासा किया है। अभिनेता ने शादी करने की इच्छा व्यक्त की है। साथ ही बच्चों की ख्वाहिश भी जताई है।

## क्या है शादी की योजना

विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म फैमिली स्टार को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान विजय से पूछा गया कि क्या वह जल्दी शादी करने की तैयारी में हैं। इस पर उन्होंने कहा, मैं शादी करना चाहता हूं और पिता भी बनना चाहता हूं। विजय ने यह बात तमिलनाडु में एक इवेंट के दौरान कही।

## लव मैरिज या अरेंज?

अभिनेता ने इस दौरान यह बात भी कही कि वह लव मैरिज करेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह शादी तभी करेंगे जब उनके माता-पिता उनके पार्टनर को अप्रूव कर देंगे। बता दें कि बीते कई वर्षों से विजय और रश्मिका अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अभी तक इस पर चुप्पी नहीं तोड़ी है। हाल ही में जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो न तो उन्होंने इनकार ही किया और न ही स्वीकार किया।

## कब रिलीज होगी फैमिली स्टार

कुछ दिनों पहले रश्मिका और विजय देवरकोंडा ने अपनी छुट्टियों के दौरान एक ही लोकेशन से सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर फैंस के बीच सनसनी फैला दी थी।

# यशराज के स्पाई यूनिवर्स में हुई बॉबी देओल की एंट्री!

आलिया भट्ट की फिल्म में बनेंगे विलेन

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी एनिमल में अपनी दमदार अदाकारी से बॉबी देओल ने खूब वाहवाही बटोरी। इस फिल्म के बाद उनकी लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है। एनिमल के ब्लॉकबस्टर होने के बाद अभिनेता के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। इस बीच बॉबी देओल को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बॉबी की एंट्री यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स में हो गई है। रिपोर्ट की दावों की मानें तो आलिया भट्ट की आगामी स्पाई यूनिवर्स फिल्म में बॉबी खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि बॉबी ने फिल्म साइन कर ली है। फिल्म से जुड़े सूत्र के मुताबिक फिल्म में बॉबी नकारात्मक भूमिका में दिखेंगे, जिसका सामना आलिया और शरवरी करेंगी। सूत्र के मुताबिक फिल्म के लिए कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और बॉबी 2024 की दूसरी छमाही में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि बॉबी इस फिल्म में एक खास लुक में पूरे स्वैग के साथ नजर आने वाले हैं। हालांकि, इसको लेकर अब तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## संक्षिप्त समाचार

### 12-13 साल पहले जिनका विरोध किया, आज उन्हीं के साथ गठबंधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए की महारैली पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस और आप पर तंज कसते हुए कहा कि लगभग 12-13 साल पहले इसी जगह पर अरविंद केजरीवाल ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध किया था। लेकिन आज दोनों (आप और कांग्रेस) एक साथ एक गठबंधन में हैं। हरदीप पुरी ने कहा कि तब अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार और शराब के खिलाफ थे और आज वह शराब घोटाले में शामिल हैं। रामलीला मैदान का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह जगह बहुत दिलचस्प है जहां रैली होगी। इसी जगह पर करीब 12-13 साल पहले अन्ना हजारे की रैली हो रही थी और उसमें अरविंद केजरीवाल भी हिस्सा ले रहे थे। तब वो कहते थे कि वो एक सामाजिक व्यक्ति हैं। तब वे किसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे? कांग्रेस पार्टी शासन कर रही थी और उस समय भ्रष्टाचार की परिभाषा बहुत दिलचस्प थी। आपको 2जी, सीडब्ल्यूजी और कोयला घोटाला याद होगा। अब उन्होंने उसी पार्टी से सिर्फ हाथ नहीं मिलाया बल्कि उन्हें गले लगाया है। अब उन लोगों के साथ गठबंधन में हैं जिनके खिलाफ वे आरोप लगा रहे थे। हरदीप पुरी ने कहा कि ये लोग एक गलत धारणा बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह सरकार की तरफ से किया गया है। ये कह रहे हैं लोकतंत्र खतरे में है, लोकतंत्र तब खतरे में था जब कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल लगाया था। भाजपा ने कभी नागरिक स्वतंत्रता नहीं छीनी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली के सीएम हिरासत में हैं। क्योंकि ईडी ने उन्हें नौ समन भेजे हैं लेकिन उन्होंने उन सभी को नजरअंदाज कर दिया था।

### दिल्ली पुलिस ने न्यूज़क्लिक मामले में दाखिल की अपनी पहली चार्जशीट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने समाचार पोर्टल न्यूज क्लिक के संस्थापक व संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत अदालत में आरोपपत्र दायर किया है। इसमें कंपनी भी आरोपी बनाई गई है। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर की अदालत के समक्ष दिल्ली पुलिस ने 75 सौ पन्नों में तैयार आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत ने इस आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए अगली तारीख 16 अप्रैल सुनिश्चित की है। पुलिस ने आरोपपत्र में मुख्य तौर पर 450 इलेक्ट्रानिक डिवाइस का हवाला दिया है। पुलिस का कहना है कि इन डिवाइस के माध्यम से आरोपी का संबंध चीन से प्रमाणित हो रहा है। चीन से फंड लेकर देश विरोधी गतिविधियों में आरोपी शामिल रहा है। दिल्ली पुलिस की तरफ से अदालत में कहा गया है कि अभी भी इस मामले में जांच जारी है। इसलिए जल्द ही अन्य लोगों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। इस मामले में समाचार पोर्टल न्यूज क्लिक के संस्थापक व संपादक पूछताछ के बाद प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती के खिलाफ 17 अगस्त 2023 में मुकदमा दर्ज किया गया था। स्पेशल सेल ने इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। 3 अक्तूबर को प्रबीर पुरकायस्थ व अमित चक्रवती को स्पेशल ने गिरफ्तार कर लिया था। क्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने पिछले साल गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धारा 13, 16, 17, 18 और 22 के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी बढ़ाना और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिकूल कार्य करना) एवं धारा 120बी के तहत आरोपपत्र दायर किया है। अदालत ने दिल्ली पुलिस को पहले पिछले साल दिसंबर में और फिर इस साल फरवरी में आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए मोहलत बढ़ाई थी।

# उत्तर भारत में अभी और चढ़ेगा पारा, हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश में गर्मी ने दस्तक दे दी है। देश के ज्यादातर राज्यों में दिन के समय अब तापमान बढ़ने लगा है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वोत्तर भारत में 31 मार्च से 1 अप्रैल के बीच गरज के साथ तेज बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में गर्मी और बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, आज दिल्ली-एनसीआर में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान तेज रफ्तार से हवाएं चल सकती है। साथ ही अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मौसम बदला है। पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी के बाद ठंडक बढ़ गई है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा, मंडी और कुल्लू में आंधी के साथ बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में 31 मार्च के दौरान आंधी और बिजली गिरने की संभावना जताई है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही कुछ जगहों पर बारिश भी हो सकती है।

**झारखंड और बिहार में कैसा रहेगा मौसम:** आईएमडी ने बताया कि 31 मार्च को ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में हल्की बारिश की संभावना है। साथ ही पूर्वी बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में छिटपुट ओलावृष्टि भी होगी।

### दिल्ली-एनसीआर में 40 किमी की स्पीड से चलेंगी हवाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान दिल्ली एनसीआर के इलाकों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली एनसीआर में बादलों की आवाजाही पहली अप्रैल तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने दिल्ली एनसीआर के इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पहली अप्रैल तक तापमान में कोई बड़ा इजाफा देखने को नहीं मिलेगी।

मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन में कहा गया है कि एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी अफगानिस्तान और आसपास के क्षेत्रों मौजूद है। साथ ही एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर पश्चिमी राजस्थान पर केंद्रित है। यही नहीं दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश पर भी एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन मौजूद है। यही नहीं एक ट्रफ रेखा उत्तरी तमिलनाडु से लेकर दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश तक नजर आ रही है। इसकी वजह से उत्तर पश्चिमी और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में आंधी पानी का माहौल बना है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी हिमालय के विभिन्न इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। खासतौर पर दिल्ली एनसीआर को लेकर देखें तो अगले 24 घंटे के दौरान 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार वाली हवाओं के साथ हल्की बारिश का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली एनसीआर के इलाकों पर नजर आएगा। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में पहली अप्रैल तक बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

### रोजगार क्रांति की शुरुआत करेगी कांग्रेस, खरगे ने युवा न्याय की गारंटी को फिर से दोहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** । कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस रोजगार के अवसर बढ़ाने और युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में काम करेगी। वह रोजगार क्रांति की शुरुआत करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह गारंटी है कि वह युवाओं के अंधकारमय भविष्य को उज्ज्वल बनाएगी। उन्होंने कांग्रेस की युवा न्याय की गारंटी को फिर से दोहराया। कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने ये बातें एक्स पर एक पोस्ट के जरिये कहीं।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गारंटी के तहत उनकी पार्टी नौकरियों के कैलेंडर के अनुसार 30 लाख नई केंद्र सरकार की नौकरियां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक से मुक्ति की गारंटी के तहत पार्टी सभी पेपर लीक को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए एक कानून बनाएगी। उन्होंने श्रमिकों के लिए बेहतर कामकाजी माहौल के साथ ही युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपये के स्टार्टअप फंड का भी वादा किया। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाल ही में संसद में पारित नए दूरसंचार विधेयक को लेकर शनिवार को सरकार से सवाल किया। आश्चर्य जताया कि क्या सैटेलाइट ब्राडबैंड स्पेक्ट्रम के आवंटन में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि नए दूरसंचार विधेयक के जरिये नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2012 से लागू सुप्रीम कोर्ट के नियमों और दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया है। उन्होंने पूछा, ऐसा क्यों किया गया। एक्स पर एक पोस्ट कर प्रियंका ने सरकार से सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि सैटेलाइट ब्राडबैंड स्पेक्ट्रम आवंटन में क्या हजारों करोड़ का घोटाला हुआ है।

### 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड की हत्या, फिर अपना गला भी काटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में एक शादीशुदा शख्स ने अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी। नोएडा पुलिस ने 38 साल के आरोपी को शनिवार को पकड़ लिया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी की 19 साल की प्रेमिका उस पर शादी का दबाव डाल रही थी, गुस्से में आकर उसने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी और उसकी प्रेमिका की उम्र में 19 साल का अंतर था। पुलिस ने बताया कि प्रेमिका को मारने के बाद आरोपी ने कथित तौर पर अपनी जान देने की भी कोशिश की। उसने ब्लेड से अपना गला काट लिया लेकिन वह बच गया।

पुलिस ने बताया कि मृतका के पिता ने नोएडा सेक्टर- 63 पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरु की। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की वजह बताई।

## पीएफआई दिल्ली के अध्यक्ष परवेज अहमद की जमानत याचिका खारिज, ताहिर हुसैन को झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शनिवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) दिल्ली के अध्यक्ष परवेज अहमद की नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत ने एक आदेश में कहा कि अभियुक्त पीएमएलए की धारा 45 में निर्धारित थ्रेस्ट होल्ड शर्त पर खरा नहीं उतर सका, इसलिए नियमित जमानत याचिका खारिज की जाती है। वहीं 2020 दिल्ली दंगा मामले में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन की नियमित जमानत याचिका भी खारिज हो गई है।



इस बीच, अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ही मोहम्मद इलियास (महासचिव पीएफआई दिल्ली) और अब्दुल मुकीत (कार्यालय सचिव, पीसीआई, दिल्ली) की ओर से दायर जमानत याचिकाओं पर भी आदेश सुरक्षित रख लिया। मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से वकील एनके मट्टा, मनीष जैन, साइमन बेंजामिन और मोहम्मद फैजान पेश हुए। ईडी के अनुसार, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की दिल्ली इकाई के 2018 से अध्यक्ष परवेज अहमद आपराधिक साजिश का हिस्सा थे। ईडी का कहना है कि उन्होंने पूछताछ में माना कि वह दिल्ली में धन संग्रह का काम देखते थे।

ईडी ने अदालत में कहा कि यह बिल्कल साफ है कि परवेज अहमद ने जानबूझकर झूठ बोला और पीएमएलए 2002 की धारा 50 के तहत अपने बयानों की रिकॉर्डिंग के दौरान जांच अधिकारी को गुमराह करने की कोशिश की। परवेज अहमद ने जानबूझकर सच्चाई का खुलासा नहीं किया। ईडी ने पहले कहा था कि 2018 में दर्ज एक मामले में पीएफआई के खिलाफ पीएमएलए जांच से पता चला है कि पिछले कुछ वर्षों में पीएफआई और संबंधित संस्थाओं के खातों में 120 करोड़ रुपये जमा किए गए। इस रकम का एक बहुत बड़ा हिस्सा कैश में जमा किया गया।

वहीं पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली दंगा मामले में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी की अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन की नियमित जमानत याचिका शनिवार को खारिज कर दी। न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने कहा कि सबूतों को देखने के बाद, अदालत का मानना है कि आरोपी के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही हैं।

## किशोर भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बने जिसे सीएआर-टी थेरेपी के तहत कैंसर का उपचार मिला



**लंदन, एजेंसी।** कैंसर से पीड़ित भारतीय मूल के किशोर युवान ठक्कर का कहना है कि हजारों लोगों के लिए नवीन उपचारों को सुलभ बनाने के लिए ब्रिटेन की सरकार द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा द्वारा स्थापित कोष की मदद से मिले उपचार के बाद वह उन चीजों का आनंद ले पा रहे हैं, जो उन्हें पसंद हैं। एनएचएस इंग्लैंड के मुताबिक, लंदन के नजदीक वाटफोर्ड के रहने वाले 16 वर्षीय ठक्कर ब्रिटेन के पहले किशोर हैं, जिन्हें उत्कृष्ट सीएआरटी थेरेपी दी गई और यह कैंसर ड्रग फंड (सीडीएफ) से संभव हुआ है।

इस इलाज पद्धति को टिसाजेनलेक्लुसेल (किमरिया) भी कहते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) ने इस सप्ताह के अंत में सीडीएफ की मदद से 100,000 मरीजों को नवीनतम और सबसे नवीन उपचार उपलब्ध कराने की उपलब्धि हासिल की है। ऐसे उपचारों की अघोषित लागत को इस कोष द्वारा कवर किया जाता है। ठक्कर ने कहा, ''सीएआर टी पद्धति से इलाज होने से मेरी जिंदगी बहुत बदल गई है। ठक्कर ने उन्हें मिली 'अविश्वसनीय देखभाल के लिए लंदन के ग्रेट ऑरमंड स्ट्रीट हॉस्पिटल (जीओएसएच) को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''मुझे याद है कि कई बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़े और लंबे समय तक स्कूल से बाहर रहना पड़ा, उन्होंने मुझे उस स्थिति तक पहुंचने में मदद की, जहां मैं अपनी पसंद की कई चीजों का आनंद ले पा रहा हूं, जैसे स्नूकर या पूल खेलना, दोस्तों और परिवार से मिलना और शानदार छुट्टियों पर जाना। यह कल्पना करना कठिन है कि अगर इलाज उपलब्ध नहीं होता, तो चीजें कैसी होतीं। ठक्कर छह साल की उम्र में रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया)ग्रस्त पाए गए थे।

### जो बाइडन ने निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने के लिए शुरु किया डिजिटल विज्ञापन

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के पुनर्निर्वाचन अभियान के तहत भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने के उद्देश्य से एक डिजिटल



विज्ञापन शुरू किया गया है। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से हेली राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर हो गई हैं। बाइडन की टीम का व्यापक प्रयास है कि हेली की गैर-मौजूदगी में उन रिपब्लिकन सदस्यों का मत हासिल किया जाए, जो रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प को वोट देने को लेकर अनिच्छुक हो सकते हैं। अभियान अधिकारियों ने कहा कि बाइडन का अभियान विभिन्न प्रांतों में तीन सप्ताह तक चलेगा। बाइडन की ओर से विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म पर जारी विज्ञापनों के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च किया जा रहा है। यह राष्ट्रपति के सात मार्च के 'स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन के बाद छह-सप्ताह के तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर के विज्ञापन अभियान का हिस्सा है। 'एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन के प्रचार अभियान के वरिष्ठ सदस्यों ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय वित्त समिति की बैठक के दौरान नियोजित विज्ञापन चलाया।

बाइडन के प्रचार अभियान से जुड़ी टीम ने इस बारे में सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर बाद में एक पोस्ट डाला। 81 वर्षीय डेमोक्रैट बाइडन का मुकाबला 5 नवम्बर 2024 को राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में ट्रम्प से होगा। विज्ञापन में 77 वर्षीय ट्रंप की कुछ वीडियो क्लिप दिखाई जा रही है। जिनमें वह प्रचार रैलियों के दौरान 52-वर्षीया हेली को बदनाम कर रहे हैं और पत्रकारों से कह रहे हैं कि उन्हें (ट्रम्प को) जीत के लिए उनके (हेली के) समर्थकों की जरूरत नहीं है। विज्ञापन में कहा गया है, ''अगर आपने निक्की हेली को वोट दिया है, तो डोनाल्ड ट्रम्प को आपका वोट नहीं चाहिए। अमेरिका बचाएं, हमसें जुड़ें।

## अब और भीषण होगा युद्ध? इजरायल ने मांगी अमेरिका से मदद, बाइडन सरकार मुहैया कराएगा खतरनाक हथियार

**वाशिंगटन , एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध में कई लोगों की जान अबतक जा चुकी है लेकिन अभी भी इजरायल इस युद्ध को खत्म करने के मूड में दिख नहीं रहा है। इजरायल इस चल रहे युद्ध के बीच कुछ बड़ा करने की तैयारी में है। इजरायल ने युद्ध के बीच अब अमेरिका से हथियार की मदद मांगी है। दक्षिणी गाजा में इजरायल के सैन्य कार्रवाइयों पर बढ़ते तनाव और चिंताओं के बीच, बाइडन प्रशासन ने चुपचाप अरबों डॉलर के बम और लड़ाकू विमानों को इजराइल में स्थानांतरित करने की मंजूरी



दे दी है। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, नए हथियार पैकेज में 1,800 से अधिक एमके 84 2,000-पाउंड बम और 500 एमके 82 500-पाउंड बम के साथ-साथ 25 एफ-35 लड़ाकू विमान शामिल हैं। पेंटागन और विदेश विभाग के अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है। अमेरिका ने युद्ध की शांति का आलाप रागते हुए गुपचुप बेचा हथियार इस तरह के महत्वपूर्ण हथियारों को हरी झंडी देने का निर्णय अमेरिका की तरफ संदेह से देखने को मजबूर करता है। जहां, बाइडन प्रशासन ने दक्षिणी गाजा में इजरायली हमले के संभावित प्रभावों के बारे में चिंता व्यक्त की थी। इसके साथ ही अमेरिका ने कंडीशनिंग सहायता या हथियारों के हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगाने से हमेशा मना करता रहा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने प्रशासन के रुख को दोहराते हुए कहा कि इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार के लिए हमने निरंतर समर्थन की पुष्टि की और इस बात पर जोर दिया कि कंडीशनिंग सहायता उसकी नीति का हिस्सा नहीं रही है। द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, आलोचकों का तर्क है कि एमके84 बम जैसे शक्तिशाली हथियारों का अंधाधुंध उपयोग, नागरिक आबादी के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करता है और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो सकता है।

### नीदरलैंड में बंधक संकट खत्म, पुलिस ने नाइट क्लब से बाहर निकले व्यक्ति को किया गिरफ्तार

नीदरलैंड एजेंसी। नीदरलैंड की पुलिस ने नाइट क्लब में लोगों के बंधक बनाए जाने की वजह से घंटों तक रही तनाव की स्थिति के बाद इमारत से बाहर निकले एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शनिवार सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया, ''आखिरी बंधक को अभी-अभी छोड़ा गया। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, इस समय हम अधिक सूचना नहीं साझा कर सकते। सशस्त्र पुलिस द्वारा हाथ खड़ा कर घुटनों के बल बैठने का आदेश दिए जाने से पहले वह व्यक्ति क्लब से बाहर चला गया।

बाहर उसे गिरफ्तार करने और हथकड़ी पहनाए जाने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस वाहन से उसे ले जाया गया। इससे पुलिस ने बताया था कि तीन लोगों को रिहा कराया गया है लेकिन 'बंधक कांड समाप्त नहीं हुआ है। गेल्डरलैंड पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट जारी कर तीन बंधकों को रिहा करने की घोषणा की थी।बंधक कांड के दौरान भारी हथियारों से लैस पुलिस और विशेष गिरफ्तारी दल लोकप्रिय क्लब के बाहर जमा थे जिनमें से कुछ नकाब पहन रखा था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक:- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय
कार्यालय पता:- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मो:- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।